## खबर संक्षेप

### अल्फिया ने बढ़ाया विद्यालय का गौरव



धनपुरी। केंद्रीय शिक्षा बोर्ड हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें ग्रीन बेल्स पब्लिक स्कूल बुढार की 12वीं कक्षा कॉमर्स की छात्रा अल्फिया आफरीन अपने स्कूल में सेकेंड रैंक में आई और परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा, यह होनहार छात्रा जेसीसी कांट्रक्शन बुढ़ार में पदस्थ मोहम्मद अजीज की सुपुत्री है, इनकी माता नूरजहां जो ग्रहणी है। अल्फिया आफरीन के माता-पिता ने अल्फिया आफरीन की पढ़ाई में पूरा सहयोग प्रदान किया। यह छात्रा शुरू से अपनी क्लास में हमेशा अव्वल आती रही, जिसके कारण अपने स्कूल में प्राचार्य एवं शिक्षकों की नजर में होनहार छात्रा के रूप में जानी जाती रही। साथ ही शिक्षकों का मार्गदर्शन भी छात्रा को मिलता रहा, जिसका परिणाम छात्रा ने 12 वीं क्लास में अधिकतम अंक लाकर साबित कर दिया । आगे भी हम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

### कल आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन

शहडोल। शासकीय आईटीआई शहडोल में जिला स्तरीय रोजगार, स्वरोजगार एवं आप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 15 मई 2025 को प्रातः 10:30 बजे से सायं 04 बजे तक किया जाएगा। रोजगार मेले में बीएफएन फोर्जिंग्स प्राइवेट लिमिटेड बोईसर पालधर महाराष्ट्र, मदरसन समी वायरिंग इंडिया लिमिटेड अहमदाबाद गुजरात, केस कॉर्प लिमिटेड देवास मध्य प्रदेश, ट्राईटेंड ग्रुप यार्न युनिट बुधनी होशंगाबाद, भारतीय जीवन बीमा निगम शहडोल, प्रगतिशील बायोटेक रीवा मध्यप्रदेश की कम्पनियां शामिल होंगी।

### 14 को आयोजित होगा मुख्यमंत्री कन्या विवाह

शहडोल। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बुढार ने बताया कि जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में 14 मई को मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन बुढ़ार के मॉ सिंहवाहिनी देवी मंदिर प्रागंण भठिया में किया जाएगा।

### कमिश्नर ने सुनी लोगों की समस्याएं



शहडोल। कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जन सुनवाई में ब्यौहारी तहसील की ग्राम पंचायत खरपा निवासी अवनीश कुमार द्विवेदी ने अनुकंपा नियुक्त हेतु, ग्राम पंचायत रेउसा निवासी रमेश्वर पाल पिता भगवत पाल ने कपिल धारा योजना की आहरण की गई राशि की जांच कराने हेतु, शहडोल निवासी शालिनी डबरईया ने जिला जेल शहडोल मे किए गए विद्युतीकरण के भुगतान के संबंध में एवं महावीर तीर्थंकर संग्रहालय के शेष भुगतान कराने के संबध में आवेदन कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता को दिए। । जिस पर कमिश्नर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य अवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन कमिश्नर को दिए। जिस पर कमिश्नर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदन प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### व्हाट्सएप का सुरक्षित करें उपयोग- साइबर अपराधों से रहें सतर्क

शहडोल। पुलिस द्वारा नागरिकों की डिजिटल सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु एक महत्वपूर्ण व्हाट्सएप सुरक्षा एडवायजरी जारी की जाती है, जिससे आम नागरिक अपने व्हाट्सएप एप्लिकेशन का सुरक्षित इस्तेमाल कर सकें। शहडोल पुलिस आम जनता से अपील करती है कि निम्नलिखित उपायों को अपनाकर स्वयं को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखें, व्हाट्सएप को तुरंत अपडेट करें, सुनिश्चित करें कि आप व्हाट्सएप का नवीनतम संस्करण उपयोग कर रहे हैं, ताकि सुरक्षा खामियों को दूर करने वाले अपडेट्स का लाभ मिल सके,अटैचमेंट्स और लिंक्स के साथ सतर्कता बरतें: अज्ञात स्रोतों से आए लिंक या फाइल्स को न खोलें, भले ही वह किसी जान-पहचान वाले व्यक्ति के नाम से आई हों, सॉफ्टवेयर को नियमित रूप से अपडेट करें: अपने फोन के ऑपरेटिंग सिस्टम एवं ऐप्स को समय-समय पर अपडेट करते रहें।

## भूमिका संदिग्ध होने पर जांच अधिकारी को हटाने के दिए थे निर्देश

# 9 माह से विवेचना में अटका फर्जी स्कूल का मामला

**कानून व्यवस्था को लेकर जनता का पुलिस-प्रशासन से भरोसा लगातार घटता जा रहा है, भ्रष्टाचार, विवेचना में मनमानी, उच्चाधिकारियों की चुप्पी, स्मार्ट पुलिसिंग के प्रति उदासीनता ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। पुलिसिंग सिस्टम में भ्रष्टाचार हावी हो गया है। विवेचना में पुलिसकर्मियों द्वारा मनमानी करने और उच्चाधिकारियों द्वारा कोई ठोस कार्यवाही न करने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।**




हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

संभाग के उमरिया जिले में स्मार्ट पुलिसिंग का मजाक बना दिया गया है। प्रमाणित भ्रष्टाचार के मामलों में विवेचना के नाम पर खेल-खेला जा रहा है, एफआईआर दर्ज होने के बाद 90 दिन के भीतर विवेचना पूरी करनी होती है। हालांकि न्यायालय 90 दिनों की अवधि बढ़ा भी सकती है, लेकिन ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल उमरिया इमामबाड़ा एवं ब्राइट फ्यूचर मिडिल स्कूल (महरोइ) शिक्षा विभाग के मामले में एफआईआर के 9 माह बीत जाने के बावजूद कोतवाली प्रभारी द्वारा कमिश्नर कार्यालय का सहयोग न मिलने का हवाला देकर मामले को ठण्डे बस्ते में डाले हुए हैं। दस्तावेजों की माने तो उक्त मामले में शिकायतकर्ता की शिकायत के बाद निष्पक्ष कार्यवाही का हवाला देकर स्वयं पुलिस उप महानिरीक्षक ने 4 दिसम्बर 2024 को पुलिस अधीक्षक उमरिया को पत्र लिखकर कोतवाली प्रभारी बालेन्द्र शर्मा के स्थान पर अन्य विवेचना अधिकारी नियुक्त कर 3 दिवस के भीतर अवगत कराने को कहा था।

### यह थी शिकायत

पुलिस महा निरीक्षक को उमरिया में स्थित ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल उमरिया इमामबाड़ा एवं ब्राइट फ्यूचर मिडिल स्कूल (महरोइ) शिक्षा विभाग एवं अन्य सहयोगियों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में जाली एवं फर्जी दस्तावेज को क्रय-विक्रय करने के संबंध में नसीम रजा खान ने शिकायत की थी। जिसमें कोतवाली उमरिया एवं शिक्षा विभाग से जांच कराई गई, जिसमें शिकायत सही संज्ञेय अपराध का घटित होना पाया गया। शाहिन मनसूरी, खालिक मनसूरी (बेदी) एक ही परिवार के सदस्यों तथा अन्य सहयोगियों के द्वारा फर्जीबाड़ा किया गया। जिसमें कोतवाली निरीक्षक के द्वारा पुलिस अधीक्षक को पत्र जारी किया गया कि आवेदक एफआईआर दर्ज कराने नहीं आ रहा। वर्तमान निरीक्षक द्वारा आरटीआई पत्र के द्वारा यह जानकारी मिली तो आवेदक पुनः कोतवाली उमरिया बार-बार एफआईआर दर्ज कराने गया, तब भी एफआईआर दर्ज नहीं की गई। तब उसे मजबूरन हाईकोर्ट के समक्ष रिट पिटीशन दायर करनी पड़ी। जिससे एफआईआर दर्ज करने के लिये कोतवाली उमरिया को 18 नवम्बर 2024 को हाईकोर्ट द्वारा निर्देशित किया गया ।

### नहीं हुई गिरफ्तारी

फर्जी दस्तावेज के गिरोह के साथ मिले अधिकारियों के प्रभाव में एफआईआर दर्ज नहीं कर रहे थे, वहीं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को नगर निरीक्षक बालेन्द्र शर्मा द्वारा केस संबंधी गलत जानकारी विभाग में देते हुए दोषियों को बचाने एवं दर्ज नामों को काटने के लिये कार्यवाही को गलत दिशा में प्रभावित करने का पुरजोर प्रयास किया जाता रहा। पिछले कुछ माह पूर्व में हुई शिक्षा विभाग उमरिया (डीईओ आफिस) जाँच प्रतिवेदन, छात्रों की सूची अन्य कूटरचित दस्तावेज जिसको उक्त दोनों स्कूल द्वारा जाली दस्तावेजो को बनाते हुए क्रय-विक्रय करने के संग अपराध किया जाना पाया गया। जॉच प्रतिवेदन मिलने तथा एफआईआर दर्ज होने के उपरान्त भी कोतवाली उमरिया के द्वारा आज दिनांक तक किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं की गई ।

### जांच में अपराध पाया गया संज्ञेय

शिकायतकर्ता ने पुलिस महानिरीक्षक से मांग की थी कि कोतवाली एवं जिला उमरिया से कार्यवाही अलग कर शहडोल जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी से निष्पक्ष न्यायहित में कार्यवाही करवाई जाये, कार्यवाही न होने पर मुझे पुनः मजबूरन माननीय हाई कोर्ट के शरण में जाना पड़ेगा । जिसके बाद उक्त मामले में पुलिस उप महानिरीक्षक ने पुलिस अधीक्षक उमरिया को पत्र लिखकर का स्पष्ट कहा था कि शिकायतकर्ता द्वारा ब्राइट पब्लिक स्कूल उमरिया इमाम बाड़ा एवं ब्राइट फ्यूचर मिडिल स्कूल (महरोई) शिक्षा विभाग एवं अन्य सहयोगियों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में जाली एवं फर्जी दस्तावेज क्रय-विक्रय करने शिकायत की गई थी। जांच कराने के पश्चात संज्ञेय अपराध का घटित होना पाया गया था।

### विवेचना अधिकारी को हटाने लिखा था पत्र

पुलिस महानिरीक्षक ने अपने पत्र में पुलिस अधीक्षक को स्पष्ट लिखा था कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन मूलतः संलग्न कर प्रेषित है, आवेदन पत्र का बारीकी से अवलोकन करे, जिसमें आवेदक द्वारा उपनिरीक्षक बालेन्द्र शर्मा के विरूद्ध शिकायत प्रस्तुत की गई है एवं उक्त प्रकरण की विवेचना थाना प्रभारी कोतवाली बालेन्द्र शर्मा द्वारा ही की जा रही है, जिससे न्याय मिलने की संभावना कम होना आवेदक द्वारा बताया गया, ऐसी स्थिति में न्याय की दृष्टि से पंजीबद्ध अपराध की विवेचना किसी अन्य अधिकारी से कराया जाना उचित होगा, ताकि निष्पक्ष विवेचक द्वारा विधिसम्मत विवेचना के उपरांत आये साक्ष्यों पर वैधानिक कार्यवाही की जा सके। पत्र में स्पष्ट लेख था कि कोतवाली प्रभारी बालेन्द्र शर्मा के स्थान पर अन्य विवेचना अधिकारी नियुक्त कर कृत्य कार्यवाही से 03 दिवस के अंदर अवगत कराया जाये।



## ग्रीष्मकालीन खेल-कूद प्रशिक्षण: विभिन्न खेल मैदानों में प्रारम्भ खेल विधाओं का खिलाड़ियों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

शहडोल। खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा जिला प्रशासन, स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग द्वारा ग्रीष्म कालीन खेल-कूद के प्रशिक्षण संभागीय मुख्यालय के विभिन्न खेल मैदानों में प्रारंभ हो गए हैं। संभागीय मुख्यालय में विभिन्न विधाओं में 15 खेलों के प्रशिक्षण शुरू हुए हैं। कोच धीरेंद्र सिंह द्वारा संभागीय मुख्यालय के महात्मा गांधी स्टेडियम, कोच लक्ष्मी सहीस, नरेश कुंडे द्वारा विचारपुर मैदान, कोच रहीम खान द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे मिश्रित हाई स्कूल मैदान में विभिन्न खेल विधाओं का प्रशिक्षण खिलाडि़यों को दिया जा रहा है। खेलों के प्रशिक्षण को लेकर अभिभावकों एवं खिलाडि़यों में काफी उत्साह है। अभिभावक अपने बच्चों को लेकर खेल मैदानों में प्रशिक्षण हेतु पहुंच रहे हैं। सहायक संचालक खेल रईस अहमद ने बताया कि ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण 12 जून 2025 तक चलेगा। जिसमें 15 खेल विधाओं का प्रशिक्षण 15 खेल मैदानों में दिया जाएगा। जिसके लिए खेल मैदानों एवं खेल प्रशिक्षकों का चयन कर लिया गया है। महात्मा गांधी स्टेडियम शहडोल में एथलेटिक्स का प्रशिक्षण प्रशिक्षक धीरेन्द्र प्रताप सिंह, हैंडवाल का प्रशिक्षण सुश्री श्रीदेवी सोनी, वालीवाल का प्रशिक्षण रतन सिंह ठाकुर, बास्केट बाल का प्रशिक्षण के.के.श्रीवास्तव, कबड्डी का प्रशिक्षण श्रीमती कल्पना अहिरवार, बैडमिन्टन का प्रशिक्षण प्रशिक्षक सतेन्द्र सोनी द्वारा, टेबिल टेनिस का प्रशिक्षण प्रशिक्षक पी.पी.सिंह द्वारा दिया जाएगा। सेपकटेकरा का प्रशिक्षण शान्ति मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल शहडोल में प्रशिक्षक रामकिशोर चौरसिया द्वारा, खो-खो का प्रशिक्षण रेलवे स्कूल खेल मैदान में प्रशिक्षक रहीम खान, कराटे का प्रशिक्षण रघुराज स्कूल क्रमांक 01 में प्रशिक्षक अजय चौधरी, विराट मार्सल आर्ट एकेडमी में जूडो का प्रशिक्षण विराट मार्सल आर्ट एकेडमी में शिवानी नामदेव तथा लाठी का प्रशिक्षण प्रशिक्षक प्रमोद विश्वकर्मा फुटबाल का प्रशिक्षण विचारपुर फुटबाल खेल मैदान में प्रशिक्षक नरेश कुण्डे द्वारा दिया जाएगा। ज्ञानोदय अशासकीय स्कूल मैदान में बाक्सिंग का प्रशिक्षण प्रशिक्षक अंसुमन सिंह तथा ताईक्वाडो का प्रशिक्षण आकाश पुरी गोस्वामी द्वारा दिया जाएगा।

## 20 मई की हड़ताल को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियनों का ऐलान

### श्रम कानूनों में बदलाव और निजीकरण के खिलाफ बुलंद हुई आवाज

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।




20 मई को प्रस्तावित देशव्यापी आम हड़ताल को लेकर कोयला श्रमिकों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। 12 मई को सोहागपुर क्षेत्र के आर.सी. क्लब में संयुक्त ट्रेड यूनियनों द्वारा एक संयुक्त कन्वेंशन का आयोजन किया गया। इस कन्वेंशन में एटक, सीटू, इंटक और अन्य संगठनों के नेताओं और सैकड़ों श्रमिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता इंटक के कमलेश शर्मा ने की, जबकि मंच संचालन सीटू के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार निराला और महासचिव वीएम मनोहर ने किया। एटक के महासचिव अजय विश्वकर्मा, यूनियन नेता रमेश सिंह और देवेन्द्र कुमार , अरुण गौतम सहित अन्य वक्ताओं ने सरकार की मजदूर-विरोधी नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि श्रम कानूनों में बदलाव कर मजदूरों को 12 घंटे तक काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

अजय विश्वकर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह हड़ताल केवल मजदूरों के हक के लिए नहीं, बल्कि देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता बचाने की लड़ाई भी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार कॉरपोरेट घरानों के हित में कानून बना रही है और मजदूरों की बात तक नहीं सुन रही। वहीं वीएम मनोहर ने कहा कि चाहे कोई यूनियन साथ हो या नहीं, हड़ताल जरूर होगी। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ यूनियन ठेकेदारों के पक्ष में काम कर रही हैं, लेकिन जुझारू कोयला श्रमिक अपने अधिकारों के लिए हमेशा खड़े रहे हैं और आगे भी रहेंगे। इस कन्वेंशन में हसदेव, जमुना, कोतमा, सोहागपुर और जोहिला क्षेत्रों से आए मजदूर नेताओं और सदस्यों ने हिस्सा लिया और हड़ताल को सफल बनाने के लिए अभियान चलाने का संकल्प लिया।

कन्वेंशन में वक्ताओं ने दोहराया कि यह हड़ताल न केवल श्रमिकों की रक्षा के लिए है, बल्कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और राष्ट्रीय संपत्तियों के निजीकरण के खिलाफ एक मजबूत जनसंघर्ष है। वक्ताओं ने आह्वान किया कि 20 मई को देशभर में मजदूर, किसान और नौजवान एकजुट होकर सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करें।






## विश्वविद्यालय का पुराना कैंपस बना छात्र पीड़ा का केंद

## मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहे छात्र-छात्राएं

शहडोल।

पंडित शंभूनाथ विश्वविद्यालय का पुराना कैंपस इन दिनों भीषण समस्याओं का घर बनता जा रहा है। समाजशास्त्र और भूगोल विभाग के छात्र-छात्राएं इस भीषण गर्मी में शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल के लिए तरस रहे हैं। यहां वर्ष 2011 में स्थापित शीतल पेयजल गृह और आरो प्लांट अब वर्षों से बंद पड़े हैं। छात्रों को यह सुविधा कभी भी सही रूप से नसीब नहीं हुई। लोकार्पण के कुछ ही समय बाद यह प्लांट खराब हो गया और फिर उसे एक स्टोर रूम में बंद कर दिया गया, जहां आज तक धूल फांक रहा है।

### गर्मी में झुलसते छात्र

पुराने कैंपस की दुर्दशा यहीं खत्म नहीं होती, समाजशास्त्र विभाग का पंखा दो वर्षों से बंद पड़ा है। इस विभाग में अध्ययनरत छात्र गर्मी में बैठकर पसीने से लथपथ होते हुए कक्षाएं लेने को मजबूर हैं। विद्युत व्यवस्था भी पूरी तरह चरमराई हुई है। क्लासरूम में न तो उचित रोशनी है और न ही वेंटिलेशन की समुचित व्यवस्था। विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते कक्षा का वातावरण किसी तपती भट्टी से कम नहीं लगता।

### छात्रों की गुहार बेअसर

इन समस्याओं को लेकर छात्रों और प्राध्यापकों द्वारा कई बार विश्वविद्यालय प्रशासन को अवगत कराया गया, परंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। समाजशास्त्र एवं ज्योग्राफी विभाग के प्रोफेसरों ने बताया कि उन्होंने कई बार शिकायत की, लेकिन हर बार आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। यह दर्शाता है कि जिम्मेदार अधिकारी समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं हैं और विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं।

### सुविधा घर की कमी

कैंपस में शौचालय की स्थिति भी अत्यंत दयनीय है। महिला विद्यार्थियों के लिए तो एक पुराना सुविधा घर मौजूद है, परंतु वह भी जर्जर स्थिति में है। वहीं पुरुष विद्यार्थियों के लिए कोई भी सुविधा घर उपलब्ध नहीं है, जिससे उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस मूलभूत सुविधा के अभाव में विद्यार्थियों की गरिमा और स्वाभिमान को ठेस पहुंच रही है। जहां एक ओर शासन और विश्वविद्यालय प्रशासन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बात करता है, वहीं दूसरी ओर कैंपस की दुर्दशा छात्रों के भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लगा रही है। शिक्षण संस्थानों को देश का भविष्य कहा जाता है, लेकिन पंडित शंभूनाथ विश्वविद्यालय का यह पुराना परिसर अंधकारमय हालातों का जीवंत उदाहरण बन गया है।

# केन्द्रीय विद्यालय के गार्ड ने महिला अभिभावक से की अभद्रता




हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

केन्द्रीय विद्यालय शहडोल में सेवारत एक सुरक्षा कर्मी के ऊपर अभिभावकों के साथ अमर्यादित व अभद्रता पूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए अभिभावक द्वारा इसकी लिखित शिकायत विद्यालय के प्राचार्य के साथ-साथ कलेक्टर से की गयी है । जिसके माध्यम से उक्त गार्ड के खिलाफ उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की गयी है । शिकायत में एक महिला अभिभावक द्वारा आरोप लगाते हुए बताया गया कि उनका बेटा केन्द्रीय विद्यालय शहडोल में कक्षा पांचवी में पढता है, बीते दिवस वह किसी जरुरी कार्य में व्यस्तता के कारण अपने बच्चे को टिफिन विद्यालय के समय पर सुबह नही दे पायी । जिसके बाद फ्री होकर प्रातः लगभग 9 बजे जब विद्यालय गेट पर अपने बालक के लिए टिफिन देने गई ,तब उस समय ड्यूटी पर मौजूद गार्ड द्वारा यह कह कर टिफिन लेने से साफ मना कर दिया कि प्रिंसिपल का आदेश है कि बाद में टिफिन लाने पर नही लिया जाएगा ।

जिस पर मेरे द्वारा बार-बार अनुरोध किया गया कि प्रिंसिपल से मुझे मिलने दिया जाय या बात कराई जाय। जिस पर उस समय ड्यूटी में मौजूद गार्ड द्वारा मेरे साथ अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए बत्तमीजी से बात की गई और मेरे द्वारा कई बार निवेदन करने के बावजूद भी प्रिंसिपल से भी नही मिलने दिया। तब मेरे द्वारा विद्यालय की एक प्रधानाध्यापिका से फोन पर इस बात व्यवहार की जानकारी दी गई, जिस पर मैडम द्वारा फोन पर निर्देश देने पर गार्ड द्वारा टिफिन लिया गया, परन्तु इसके उपरांत भी गार्ड द्वारा प्रिंसिपल का आदेश बताकर लगातार अभद्र व्यवहार किया जाता रहा था।

केन्द्रीय विद्यालय संस्थान में गार्ड द्वारा अभिभावक के प्रति इस तरह का व्यवहार अशोभनीय है। हम केन्द्रीय विद्यालय से एक अभिभावक के प्रति सभ्यतापूर्ण व्यवहार की उम्मीद करते है। कोई भी अभिभावक यह नहीं चहेगा कि उसका बच्चा भूखा रहे, परन्तु किसी मजबूरीवश टिफिन बॉटल या अन्य जरूरी सामान छूट सकता है। ऐसी स्थित में तरह सुरक्षाकर्मी के द्वारा किसी भी अभिभावक के साथ इस प्रकार का दुर्व्यवहार किया जाना कतई उचित नहीं है। इसलिए ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो ,इसके लिए विधिवत लिखित में अभिभावकों को नियमो से अवगत कराते हुए दोषी गार्ड के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाए ।

मेसर्स हीरो इको टेक लिमिटेड लुधियाना कर रहे खेला

# नि:शुल्क सायकल वितरण योजना पर लगा ग्रहण

## मानक पर खरी नहीं उतर रही सायकल, दोयम दर्जे के लगे हैं कलपुर्जे







**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** सरकार द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए और शिक्षा स्तर को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले छात्र-छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया जा रहा है, लेकिन इस मामले में जिले के शिक्षा विभाग द्वारा इसमें भी पलीता लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है, करकेली विकासखंड में स्कूली छात्रों को मुफ्त बांटी जाने वाली साइकिल योजना में बड़ी गड़बड़ी सामने आयी है, विकासखंड में छात्रों को बांटी जाने वाली सायकल की गुणवत्ता बेहद घटिया है। प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण इलाकों में रहने वाले बच्चों के लिए साइकिल वितरण योजना चलाई जा रही है, जिसका उद्देश्य बच्चों को स्कूल पहुंचने में मदद करना है। इस योजना के तहत, उन गांवों के बच्चों को साइकिल प्रदान की जाती है, जहां सेकेंडरी या हाई स्कूल की सुविधा नहीं है। यह योजना खासकर उन विद्यार्थियों के लिए है, जिन्होंने कक्षा 6 या कक्षा 9 में एडमिशन लिया हो। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण क्षेत्रों के हॉस्टल में रहने वाली लड़कियों या ऐसे छात्र-छात्राओं को, जिनका स्कूल 2 किलोमीटर से अधिक दूरी पर स्थित है, भी साइकिल दी जाएगी। सरकारी स्कूलों में छात्रों को दी जा रही साइकिलें न केवल घटिया गुणवत्ता की हैं, बल्कि उनसे छात्रों की सुरक्षा को भी खतरा हो सकता है। स्कूलों में वितरित की जा रही साइकिलें स्थानीय प्रशासन की देखरेख में वितरित की जा रही हैं, लेकिन इनकी गुणवत्ता इतनी खराब है कि उनके उपयोग से दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ गई है। साइकिलों के पहिये बेहद कमजोर हैं, जिनमें लोहे की क्वालिटी निम्न स्तर की है। इससे साइकिलें टूटने का खतरा बना रहता है।

### गुणवत्ता बेहद खराब

साइकिल वितरण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को स्कूल आने-जाने में सुविधा प्रदान करना था, लेकिन उमरिया जिले की करकेली विकास खण्ड में मेसर्स हीरो इको टेक लिमिटेड लुधियाना द्वारा सायकल की सप्लाई की जा रही है, जो सायकल उक्त कंपनी द्वारा सप्लाई की गई है, इसके मानकों की कभी जांच ही नहीं हुई, अगर यह साइकिलें इसी प्रकार की रहेंगी तो, छात्रों के लिए यह लाभकारी होने के बजाय हानिकारक साबित हो सकती हैं। ऐसे में प्रशासन की जवाबदेही बनती है कि वह इस मामले की गहराई से जांच करे और दोषियों पर कार्रवाई हो। आरोप हैं कि स्कूलों में यह साइकिलें गुणवत्ता की जांच किए बिना ही बांटी जा रही हैं, जो सरकारी योजना के उद्देश्यों के विपरीत है, वर्तमान में जो करकेली विकास खण्ड अंतर्गत वितरित करने के लिए रखी गई कुछ साइकिलों के पेडल टूट चुके हैं और चेन भी कमजोर है, साइकिल की अन्य महत्वपूर्ण हिस्सों की गुणवत्ता भी बहुत खराब हैं।

### नहीं हो रही गुणवत्ता की जांच

साइकिल मिलने से छात्रों का स्कूल जाना आना आसान हो जाता, लेकिन इस घटिया साइकिल मिलने के बाद और भी मुश्किलें बढ़ जाती है। छात्र घर से स्कूल के लिए निकलते हैं तो, लेकिन बीच रास्ते में चैन, ब्रेक, सीट का खुलकर गिरने लगते है। नई साइकिल में घंटी, स्टैंड, कैरियर, ताला सहित अन्य सामान बेहद घटिया है। साइकिल के नाम पर खाना पूर्ति किया गया। वर्तमान में करकेली विकास खण्ड में खुले मैदान में सायकल रखी हुई है, जिससे यह वहां रखे-रखे ही खराब हो रही है। जिस ठेकेदार को सायकल सप्लाई का ठेका दिया गया है, वह दोयम दर्जे की सप्लाई करने पर उतारू है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारी सायकल की गुणवत्ता की जांच तक नहीं करते।

### अधिकारियों की सांठ-गांठ

गुणवत्ता विहीन साइकिल वितरण के पीछे कहीं न कहीं प्रशासनिक अधिकारियों के बीच सांठगांठ तो नहीं, जो छात्राओं को इस तरह गुणवत्ता विहीन साइकिल वितरित कर कर्तव्य की इतिश्री की जा रही है, छात्रों के परिजनों का कहना है कि सायकिल दे रहे हैं तो,अच्छी कंडीशन की देनी चाहिए। साइकल सप्लाई करने वाले ठेकेदार द्वारा साइकिल की सप्लाई में उच्च गुणवत्ता वाली सायकल सप्लाई करने का दावा किया गया है, लेकिन ठेकेदार द्वारा बीते वर्षों में करकेली जनपद सहित जहां-जहां भी सायकल की सप्लाई दी है, वे बेहद निम्न स्तर की है, शासन की यह योजना बनाई तो शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए थी, किंतु योजना सवालों के घेरे में नजर आ रही है।

### बेहद कमजोर सायकल

टेंडर के मुताबिक सभी सामान उच्च गुणवत्ता वाले होने चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं है। चर्चा है कि साइकिल और पार्ट्स में भारतीय मानक संस्थान का मार्का भी नहीं है। साइकिल में जो सामान लगाया गया है, ब्रांड और उनकी कीमत में दोगुने का फर्क है। सरकार ने मापदंड तय किए हैं और उच्च गुणवत्ता को पैमाना माना गया है। इसके बाद भी साइकिल में हलके दर्जे के पार्ट्स लगाकर सायकल सप्लाई करने वाला ठेकेदार पूरी योजना के लिए ग्रहण बना हुआ है, साइकिल कमजोर है और इसका वजन 40 किलो नहीं है। मामले में कितनी सत्यता है, यह तो जांच के बाद ही सामने आ सकता है।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आम जनों की समस्यायें



**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले के दूर दराज से आये लोगों की समस्याओं को सुना तथा उनका निराकरण भी कराया। जनसुनवाई में बुद्दन बाई ग्राम बस्कुटा ने भूमि का सीमांकन कराने, राजेश बहादुर सिंह ग्राम कछरवार ने पीएम किसान सम्मान निधि मे नाम जोडने, कमलेश पाल ग्राम मझगवां ने आराजी पट्टे की भूमि से कब्जा हटवाने, रूरू बैगा ग्राम कुराबर ने मजदूरी का भुगतान कराने, भीमसेन चौधरी मानपुर ने पुत्री के विवाह की सहायता राशि दिलाने, कमलेश सिंह ग्राम महामन ने भूमि का सीमांकन राजस्व विभाग व वन विभाग की संयुक्त टीम व्दारा कराए जाने, निरपत बैगा ग्राम देवगवां ने प्रधानमंत्री आवास योजना की व्दितीय किश्त दिलाने, रामप्यारी पति स्व0 वंशरूप महरा ने पटवारी द्वारा भूमि की मेढ़ तोडक़र जबरन कब्जा करने, पुष्पा बाई ग्राम कौडिय़ा ने परिचय पत्र मे नाम सुधरवाने तथा कमीश कुमार मिश्रा ग्राम दमोय ने नामांतरण कराये जाने संबंधी प्रस्तुत किया। जनसुनवाई में एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, डिप्टी कलेक्टर मीनांक्षी इंगले, सीईओ जनपद पंचायत करकेली हरनीत कौर कलसी, तहसीलदार बांधवगढ़ दिलीप सोनी सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

## 16 मई को युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रानी दुर्गावती भवन उमरिया में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन 16 मई को प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गया है। मेले मे एलआईसी उमरिया, रिलायंस निप्पा न उमरिया, फिनकेयर बैंक, प्राकृतिशील बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड रीवा, एस एम पी एल इंट्रीग्रेटड टेक्सटाईल इंडस्ट्रीज, मॉडल वूलंस भीलवाड़ा, मोबाइल पे, वर्धमान मंडीदीप भोपाल, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र उमरिया, शासकीय आईटीआई उमरिया की कंपनी हिस्सा लेंगी।



## पाली जनपद के सभागार में पेसा मोबिलाइजरों की बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह की अध्यक्षता में मध्य प्रदेश पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्र पर विस्तार) नियम 2022 के अंतर्गत पेसा मोबिलाइजर की बैठक जनपद सभागार में संपन्न हुई। बैठक में पेसा एक्ट की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए पीपीटी के माध्यम से सभी मोबिलाइजर को प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत व्दारा ग्राम सभा का गठन कैसे किया जाए, ग्राम सभा के गठन हेतु प्रस्ताव की प्रक्रिया, ग्राम सभा अध्यक्ष कौन होगा ग्राम सभा सचिव कौन होगा, पेसा एक्ट में कितनी ग्राम सभा बनाई जाएगी, ग्राम सभा का क्या-क्या अधिकार होगा, के बारे में जानकारी दी गई। उन्होने कहा कि प्रत्येक ग्राम सभा में ग्राम सभा निधि खाता होनी चाहिए। प्रत्येक फलिया टोला में जाकर नवीन ग्राम सभा का गठन करें। मध्य प्रदेश शासन की विभिन्न प्रकार की योजनाएं चल रही है उन सभी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक को पहुंचाएं। समीक्षा बैठक में जिला समन्वयक पेसा दमयंती सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी कन्हाई कुंवर, जय प्रकाश सिंह ब्लॉक समन्वयक पेसा एवं ब्लॉक समन्वयक आवास मोहम्मद इब्राहिम एवं सभी ग्राम पंचायत से आए पेसा मोबिलाइजर उपस्थित रहे।

## झीमर जंगल में पुलिस ने मारा छापा वर्षों से चल रहा था अवैध शराब निर्माण


हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Jabalpur Virat Bhoomi.pdf - 21 Apr 2025 - Page 4
पुलिस-आबकारी विभाग की चुप्पी चिंता का वि
डूमर कछार में महुए की कच्ची शराब का अवैध कारोबार

**हरिभूमि न्यूज़ राजनगर।** जिले के रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत डूमरकछार के झीमर जंगल में वर्षों से चल रहे अवैध महुआ शराब निर्माण पर आखिरकार पुलिस ने शिकंजा कस दिया। इस गंभीर मामले को लेकर लगातार समाचार माध्यमों में प्रकाशन के बाद रामनगर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए रविवार, 12 मई को बड़ी कार्रवाई की। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी सुमित कौशिक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने जंगल के उस हिस्से में दबिश दी। जहां लाहन को प्लास्टिक डब्बों में भरकर ज़मीन में छुपाया गया था।

### 900 किलो लाहन और कच्ची शराब जब्त, तीन आरोपियों पर केस दर्ज

पुलिस कार्रवाई के दौरान मौके से 56 प्लास्टिक डब्बों में लगभग 900 किलो महुआ लाहन और 8 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। जिसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 30,000 रुपये आंकी गई है। बरामद लाहन को ज़मीन के नीचे छिपाकर रखा गया था। पुलिस ने इस मामले में तीन अलग-अलग अपराध पंजीबद्ध करते हुए पिंकू कोरकू, ओमप्रकाश उर्फ निरहुआ और फूलबाई कोरकू सभी निवासी झीमर के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(1) एवं 34(1) (च) के तहत अपराध क्रमांक 113/25, 114/25 और 115/25 दर्ज किए हैं।

### पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लगातार जारी है नशे के खिलाफ अभियान

थाना प्रभारी सुमित कौशिक ने बताया कि यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान के दिशा-निर्देशन में नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे। अभियान का हिस्सा है। कार्रवाई में सउनि विनोद नाहर, प्रआर अमित पटेल, श्याम शुक्ला, निरंजन खलखो और आरक्षक मनोज उपाध्याय शामिल रहे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## कॉलरी के खाली पड़े हुए आवासों में अपराधियों सहित प्राइवेट लोगों का कब्जा

### आवास के साथ ले रहे मुफ्त बिजली और पानी का लाभ



**हरिभूमि न्यूज कोतमा।** कोल इंडिया की सह कंपनी एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के गोविंदा लहसुई कैंप कालोनी में कोयला कर्मचारियों के आवास में अवैध रूप से बाहरी एवं अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के द्वारा कब्जा करके लंबे समय से निवास कर रहे हैं। अवैध कब्जा धारियों के द्वारा अपराधिक गतिविधियों को भी अंजाम देते हैं। जिसके कई मामले भी सामने आ चुके है। कालरी के आवास में कब्जा कर मुफ्त बिजली, पानी का उपयोग करने से कॉलरी प्रबंधन को प्रति माह करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ता है। आवास में अवैध कब्जे की शिकायत कोयला मजदूर यूनियन संगठन द्वारा लिखित रूप से शिकायत किया गया किंतु कोल प्रबंधन के अधिकारियों की मौन स्वीकृत के कारण आज तक कोयला मजदूरो के आवासों को खाली नहीं कराया जा सका। कोयला खदान में कार्यरत कई मजदूरों को आज तक आवास का आवंटन नहीं किया गया है। ज्ञात रहे कि जमुना कोतमा क्षेत्र में कोयला मजदूरों के 5 हजार आवास निर्मित जबकि कार्यरत कोयला मजदूर लगभग 2200 ही है। इसके बावजूद भी कोल प्रबंधन की मौन स्वीकृत एवं लापरवाही के कारण कोयला मजदूर जो कार्यरत है उन्हें आज तक आवास आवंटन नहीं किया गया। जिससे कोयला मजदूर आवास के लिए भटकते नजर आ रहे है। सूत्रों से मिली जानकारी जमुना कालरी भालूमाड़ा गोबिंदा लहसुई कैंप कालोनी मिलाकर लगभग 5 हजार निर्मित आवास में आधे से ज्यादा लोग अवैध रूप से रहकर फ्री का बिजली, पानी एवं अन्य सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं। जबकि कोयला मजदूरों के वेतन से एक प्रतिशत की राशि आवास के रखरखाव में काटा जा रहा है। कोयला मजदूर संगठनों द्वारा दिसंबर माह में कोल प्रबंधन को पत्र देकर अवगत कराया गया था जिस पर प्रबंधन ने कोयला मजदूर संगठन को आश्वस्त किया था कि सर्वे कराकर अवैध रूप से कोयला मजदूर आवास में रह रहे अवैध कब्जाधारियों को हटाया जाएगा। उक्त मामले को 4 माह बीत जाने के बाद भी आज तक कोयला मजदूर आवास में भी निवासरत एक भी कब्जेधारी को बाहर का रास्ता नहीं दिखाया गया। कॉलरी प्रबंधन पर अवैध कब्जाधारियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए यूनियन के नेताओं एवं कोयला मजदूरो का कहना है कि अतिक्रमणकारियों से प्रभावित होकर कार्यवाही पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसको लेकर कोयला मजदूर उच्च अधिकारियों के समक्ष शिकायत की जाएगी। अवैध बिजली के उपयोग को लेकर विगत दिनों विजिलेंस टीम के द्वारा जमुना कालोनी मे जांच की गई थी जिस को प्रबंधन ने गंभीरता से लेते हुए दो लोगों को निलंबित भी किया गया है लेकिन भालूमाड़ा गोविंदा लहसुई कैंप कालोनी में जांच नही होने से बाहरी लोगों के हौसले बुलंद हैं।

## डोला में हुए ट्रक ड्राइवर के साथ लूट के एक आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूजरामनगर।** फरियादी विजयमंगल साहू पिता लालदेव प्रसाद साहू, उम्र 34 वर्ष, निवासी रविनगर पौराधार द्वारा थाना पौराधार में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह राहुल कुमार साहू निवासी पौराधार के ट्रक क्रमांक **CG** 16 **CE** 7277 में ड्रायवरी करता है। 10.05.2025 को रात्रि लगभग 10:00 बजे ट्रक में कोयला लोड कर बुढ़ार से उड़ीसा की ओर रवाना हुआ था। रात्रि 1:00 बजे के लगभग डोला तिराहा के पास लुकमान की ऑटो पार्ट्स दुकान के सामने ट्रक खड़ा कर वाहन की खराबी ठीक करवा रहा था, तभी स्थानीय निवासी प्रियांश सिंह उर्फ बाबू एवं अंकित चौहान मोटरसाइकिल से आकर ट्रक के पास पहुंचे। दोनों आरोपियों ने खुद को "डोला के दादा" बताते हुए फरियादी से गाली-गलौज करते हुए पत्थर मारकर ट्रक का आगे का कांच तोड़ दिया। आरोपी अंकित चौहान ट्रक के अंदर चढ़ गया तथा हेल्पर साइड का कांच लात मारकर तोड़ दिया। इसके पश्चात फरियादी से मारपीट कर उसकी जेब में रखे 19,500 नगद, आधार कार्ड एवं पेन कार्ड को लूटकर फरार हो गए। घटना का प्रत्यक्षदर्शी हेल्पर गोपी चंदा मौजूद था। प्रकरण में रामनगर पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए 13.05.2025 को आरोपी प्रियांश सिंह को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी अंकित चौहान के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपी प्रियांश सिंह से घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल क्र **MP**35 **ZA** 3546 एवं लूट की रकम का हिस्सा (2000/-रू) बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल भेज दिया गया है।एक अन्य फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु कार्यवाही जारी है।

## माइनिंग ज्ञान ने मनाया GATE MN 2025 के रैंकर्स की सफलता का जश्न



**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।** भारत की प्रमुख माइनिंग कोचिंग संस्था माइनिंग ज्ञान ने बिलासपुर स्थित होटल **Courtyard by Marriott** में **GATE MN** 2025 परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों के सम्मान में एक भव्य ₹सक्सेस सेलिब्रेशन इवेंट₹ का आयोजन किया।, कार्यक्रम में मुख्य अतिथिः के रूप में डॉ. एच.के. वर्मा (वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक, **CSIR-CIMFR**, बिलासपुर, डॉ. एन.सी. डे (प्रोफेसर, **IIEST** शिबपुर),डॉ. ए.के. गोराई (प्रोफेसर, **NIT** राउरकेला), विशिष्ट अतिथि विनोद कुमार चंद्राकर (संस्थापक एवं सीईओ, माइनिंग ज्ञान)माया चंद्राकर (विनोद कुमार चंद्राकर की धर्मपत्नी) पुष्पेन्द्र पटेल (टेक्निकल ऑफिसर, **CSIR-CIMFR**, बिलासपुर) उपस्थित रहे। माइनिंग ज्ञान के संस्थापकगण विनोद चंद्राकर, तुषार जैसवाल व साकेत सरकार ने इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा "यह सफलता सभी छात्रों की कड़ी मेहनत और हमारे समर्पित मार्गदर्शन का प्रतिफल है। हमारा लक्ष्य भारत के हर कोने से प्रतिभाशाली अभ्यर्थियों को माइनिंग क्षेत्र में अग्रणी बनाना है।"माइनिंग ज्ञान, जिसका मुख्यालय बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित है, **GATE** माइनिंग, **DGMS** प्रमाणन व **PSU** परीक्षाओं की तैयारी के लिए भारत का अग्रणी ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म है।कार्यक्रम का उद्देश्य **GATE MN** 2025 में उच्च रैंक प्राप्त करने वाले छात्रों और माइनिंग ज्ञान के अभ्यर्थियों की उपलब्धियों को सम्मानित करना था। इस अवसर पर देशभर से चयनित अभ्यर्थियों और उनके परिवारजनों के साथ-साथ माइनिंग क्षेत्र के प्रमुख विशेषज्ञ भी उपस्थित रहे। सम्मानित अभ्यर्थियों में **AIR**-1: अनिकेत गुप्ता (**NIT** रायपुर), **AIR**-3: वैशणवी बंसल (**IIT** धनबाद),**AIR**-4: इक़लाक़ सरवर (**BIT** सिंदरी),**AIR**-5: युवराज सिंह गहलोत (**MBM** यूनिवर्सिटी, जोधपुर),**AIR**-7: गौरव कौशिक (**NIT** रायपुर),**AIR**-8: आयुष कुमार (**VNIT** नागपुर), **AIR**-10: साहिल अकरम (**IIT** धनबाद) उल्लेखनीय उपलब्धियांःमें,टॉप 20 में 14 रैंकर्स, टॉप 100 में 70+ रैंकर्स, टॉप 200 में 140+ रैंकर्स कुल 365+ अभ्यर्थी **GATE MN** 2025 में सफल रहे।

## खबर संक्षेप

### धरना, प्रदर्शन, रैली, सभाएं बिना अनुमति नहीं होंगे: कलेक्टर

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** वर्तमान परिस्थितियो के अप्रत्याशित परिपेक्ष्य में जिले मे आवश्यक कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए शासन व्दारा समय समय पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए जाते है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत लोक हित में कानून व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से आदेश जारी किया है कि उमरिया जिले में किसी भी प्रकार के धरना, प्रदर्शन, सभाएं बिना अनुमति के प्रतिबंध रहेगा। इसी प्रकार जिले में आश्रम, बोर्डिग, धर्मशाला, गेस्ट हाउस, रिसोर्ट, रेस्ट हाउस एवं किराये पर दी गई प्राप्टी गेस्ट हाउस विजिटर के रूप में आकर, असामाजिक एवं अवांछनीय गतिविधियों को संचालित किए जाने वालों पर प्रतिबंध एवं सराय अधिनियम के तहत आवश्यक जांच पड़ताल के साथ ही मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग के प्रदत्त निर्देशानुसार धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थानों तथा विवाह समारोह पर आदि को दृष्टिगत रखते हुए लाउड स्पीकर, डीजे आदि पर तीव्र गति से बजाने पर प्रतिबंध रहेगा। उन्होने कहा है कि जांच के दौरान कोई भी व्यक्ति उपरोक्त कार्यवाही में संलिप्त पाया गया तो उसके विरूध्द भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं अन्या सुसंगत अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाएगी।

### भालूमाड़ा पुलिस ने एक स्थाई व तीन वारंटी को किया गिरफ्तार




**हरिभूमि न्यूज भालूमाडा।** पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान के निर्देशन मे इसरार मन्सूरी श्रीमती आरती शाक्य के मार्ग दर्शन में थाना भालूमाड़ा की पुलिस टीम ने माननीय न्यायालय कोतमा द्वारा जारी स्थाई गिरफ्तारी वारंट वारंटी हरीराम उर्फ हरी सिंह उम्र 52 वर्ष निवासी छिडमिडी थाना भालूमाडा गिरफ्तारी वारंटी मो. मुतफिर उर्फ मुमता खान उम्र 40 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 14 सिविल लाईन भालूमाडा गिरफ्तारी वारंटी तिलकधारी पाव उम्र 27 वर्ष निवासी कुशियरा थाना भालूमाडा गिरफ्तारी वारंटी जगदीश यादव उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम कोटमी थाना भालूमाडा एवं न्यायालय बुढार के वसूली गिरफ्तारी वारंटी रवि मिश्रा जो लंबे वर्षो से फरार थे जिन्हे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया है।

### बाबा विश्वनाथ का गुमा मोबाइल अमरकंटक पुलिस ने दिलाया वापस

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक के के वार्ड क्रमांक 6 कपिलधारा के मीराबाई आश्रम से बाबा विश्वनाथ निवासी बल झड़ थाना शहपुरा जिला डिंडोरी मध्य प्रदेश का विगत वर्ष 2024 मैं वीवो कंपनी का गुमा हुआ मोबाइल अनूपपुर साइबर सेल की मदद से अमरकंटक थाना अंतर्गत ग्राम पोड़की से खोज कर उन्हें सुपुर्द किया। बाबा जी को मोबाइल मिल जाने से बेहद खुश एवं प्रसन्न नजर आए उन्होंने पुलिस को इसके लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा आशीर्वाद दिया। बाबा जी का उक्त मोबाइल लगभग 10 हजार कीमत का था मोबाइल के गुम जाने से बाबाजी परेशान रहते थे खरीद नहीं पा रहे थे शिष्यों से भी बात नहीं हो पा रही थी। पुलिस थाना अमरकंटक एवं अनूपपुर पुलिस के साइबर सेल के अथक सहयोग एवं प्रयास से बाबा विश्वनाथ जी को उनका गुमा मोबाइल मिल सका। 12 मई 25 दिन सोमवार को पुलिस थाना अमरकंटक में बाबा विश्वनाथ को उनका गुमा मोबाइल विधिवत सुपुर्द कर दिया गया। बाबा विश्वनाथ के मोबाइल ढूंढने खोजबीन में अमरकंटक थाना के नगर निरीक्षक लाल बहादुर तिवारी सहायक उप निरीक्षक ईश्वर यादव सहायक उप निरीक्षक भगवान सिंह पाटले आरक्षक मनोज धुर्वे एवं आरक्षक पंकज निरंकार ने अथक परिश्रम एवं प्रयास कर मोबाइल ढूंढा तथा बाबा जी द्वारा सीएम हेल्पलाइन को बंद कराया गया।

# आचार्य शंकर भारत वर्ष की एकता, अखंडता और ज्ञान परंपरा के संरक्षक थे: अग्रवाल

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** आदिगुरु शंकराचार्य जयंती के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड करकेली द्वारा व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनप्रतिनिधि आशूतोष अग्रवाल ने कहा कि आदि शंकराचार्य के जीवन दर्शन को देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का आधार बताया। उन्होंने कहा, ₹आदि शंकराचार्य केवल एक दार्शनिक नहीं, बल्कि भारतवर्ष की एकता, अखंडता और ज्ञान परंपरा के संरक्षक थे। उन्होंने भारत की चारों दिशाओं में मठों की स्थापना कर वैदिक ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाया हैं । आज के यांत्रिक और तनावपूर्ण जीवन में हमें शंकराचार्य के अद्वैत वेदांत के सूत्रों को आत्मसात करने की आवश्यकता है। ₹जब हम यह समझ जाते हैं कि आत्मा और ब्रह्म में कोई भेद नहीं, तभी हम अपने भीतर की वास्तविक शांति और संतुलन को प्राप्त कर सकते हैं,समाज की सांस्कृतिक एकता के लिए वातावरण निर्माण का कार्य आदिगुरु शंकराचार्य जी ने किया हैं ।आचार्य शंकर ने सभी वेदों के भाष्य लिखकर उनका सरलीकरण कर समाज को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया हैं स

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मिथलेश पयासी ने आदिगुरु शंकराचार्य जी के जीवन और उनके अद्वैतवाद के सिद्धांत के बारे में विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि शंकराचार्य जी ने उपनिषदों और ब्रह्मसूत्र की व्याख्या करते हुए अद्वैत वेदांत दर्शन की स्थापना की, जो सभी प्राणियों की आत्मा की ब्रह्म से एकता पर बल देता है।भारत के इतिहास में एकमात्र ऐसे महान व्यक्तित्व के जगदुरु स्वामी शंकराचार्य जी हुये हैं जिन्होंने केवल आठ बर्ष की



आयु में सारे वेद, सारे पुराण और सारे उपनिषद को कंठस्थ कर मात्र 16 बर्ष की आयु में अखंड भारत का पैदल ही भ्रमण किया स शंकराचार्य जी ज्ञान, अनुभव और तपस्या की पराकाष्ठा थे स ज्ञान अनुभव और साधना ये तीनो जब एक जगह पर जाकर एकाकार हो जाती हैं तब उस त्रिवेणी का नाम ही जगदुरु शंकराचार्य हैं, उन्होंने ऐसे समय जब भारत में बौद्ध धर्म ने सनातन धर्म को ख़तम करने का प्रयास किया था उस समय उन्होंने सनातन संस्कृति की पुनर्नस्थापना कर भारतीय संस्कृति, धर्म और दर्शन को आकार दिया है। उनके दर्शन और शिक्षाएं आज भी लोगों को प्रेरणा और मार्गदर्शन देती हैं।

विशिष्ट अतिथि संतोष गौतम ने अद्वैत वेदांत की व्यावहारिक उपयोगिता पर अत्यंत सारगर्भित और ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि विवेक चूड़ामणि केवल एक आध्यात्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि आत्मान्वेषण की एक वैज्ञानिक प्रक्रिया का वर्णन करता है। उन्होंने पंचकोश के अन्नमय कोश, प्राणमय कोश, मनोमय कोश, विज्ञानमय कोष की विस्तार से व्याख्या कर स्पष्ट किया कि पंचकोशों की यह अवधारणा केवल दर्शनों की बात नहीं, बल्कि यह बताती है कि व्यक्ति किस प्रकार अपने शरीर, ऊर्जा, मन, बुद्धि और आनंद के विभिन्न स्तरों से परिचित हो सकता है और अंततः आत्मा को जान सकता है। उन्होंने कहा, योग और ध्यान के माध्यम से इन पंचकोशों की शुद्धि और पारगमन किया जा सकता है, जो आज के जीवन में मानसिक शांति और आत्मिक संतुलन प्राप्त करने की कुंजी है।

कार्यक्रम का प्रभावी संचालन संतोष त्रिपाठी ने करते हुये आदिगुरु शंकराचार्य द्वारा प्रवर्तित सर्वं खल्विदं ब्रह्मष एवं ब्रम्ह सत्य जगत मिथ्या की विस्तृत व्याख्या करते हुये परमात्मा की अनुभूति का सन्देश दिया । कार्यक्रम में विमला मरावी प्रचार्या रणविजय प्रताप सिंह महा विद्यालय उमरिया, संजीव शर्मा सहायक प्राध्यापक रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय , जिला समन्वयक श्री रविन्द्र कुमार शुक्ला म.प्र.जन अभियान परिषद, विकासखण्ड समन्वयक पाली पुष्पा तेकाम परामर्शदाता संतोष कुमार त्रिपाठी, राघवेन्द्र द्विवेदी, सुश्री कीर्ति सिंह, कांति देवी , संजय साहू , नवांकुर संस्था प्रतिनिधि एवं नगर के स्वयंसेवी संस्थाओ के प्रबुद्धजन, एवं सीएमसीएलडीपी के छात्र छात्राये उपस्थित रहे। परामर्शदाता श्री राघवेन्द्र द्विवेदी ने कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के समापन पर मप्र शासन द्वारा चलाये जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलाई।

## खबर संक्षेप

### ब्यौहारी वन विभाग एवं समिति प्रबंध पौड़ी द्वारा जागरूकता अभियान चलाया

**ब्यौहारी।** वन विभाग एवं समिति प्रबंध पौड़ी द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया लोगों को जागरूक केवल बीड़ी बनाने योग्य पत्ता जिससे कम से कम एक बीड़ी बनाई जा सके का संग्रहण करें पत्ते चिकनी पतले सपाट वह हल्के हरे रंग के रोग रहित हो संग्रहण के समय गड्डियां की गिनती रिकॉर्ड करने के पश्चात निर्धारित गड्डियां के चट्टे के बीच हेतु स्थान रहे संग्राहकों को समझाइए कि वह झाड़ियां से पकड़ पत्ता एक-एक कर चुनकर तोड़े गड्डी में 50 पत्ते रेशे वाले छिलके से इस तरह में 25 पत्ते के डंठल एक और तथा डंठल दूसरी ओर रहे गतिया के बाहरी पत्तों को मोड को डंठल पर रखें प्रत्येक दिन की खरीद गड्डियां के जगहों के बीच दो फीट का स्थान छोड़ें ताकि अलग-अलग दिखाई दें ग़ड्डियों के ऊपर एक नीचे के पत्ते उल्टा कर लगाए अर्थात पत्ते के बाहरी वाले हिस्से को ऊपर रखें और जंगल में कोई भी जानवर दिखता है तो वन विभाग अधिकारी गोदवाल रेंज ब्यौहारी श्री विवेक मिश्रा जी को सूचित करे वन समिति प्रबंधन राकेश कुशवाहा द्वारा समिति प्रबन्धक के द्वारा यह दिशा निर्देश सभी ग्राम वासियों को सूचना दी जाती है सतर्क रहें सुरक्षित रहे अधिक जानकारी हेतु अपने निकट वन अधिकारी एवं समिति से संपर्क करें तेंदूपत्ता संग्रहण दर प्रति मानक बोरा ₹4000 सरकार ने प्रस्तावित किया है

### समर कैंप में बच्चे सीख रहे हुनर। सीएम राईज स्कूल में लगाया गया समर कैंप



**ब्यौहारी।** सी एम राईज स्कूल मऊ में स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश के मुताबिक समर कैंप लगाया गया है जहां पर बच्चे नई विधाएं सीख रहे हैं समर कैंप में तीन सत्र होते हैं हर एक सत्र में अलग-अलग चीज सिखाई जाती हमारे संवाददाता सी एम राईज स्कूल मऊ पहुंचे जहां पर कंप्यूटर शिक्षक अमरेंद्र सिंह द्वारा रिजल्ट बनाना कंप्यूटर वर्क छात्र-छात्राओं को सिखाया जा रहा था वही अन्य सत्र में रामचरण साकेत द्वारा संगीत की शिक्षा दी जा रही थी तीसरे सत्र में खेल शिक्षक द्वारा बच्चों को क्रिकेट सिखाया जा रहा था रामचरण साकेत ने बताया कि समर कैंप 20 मई तक चलेगा इसको लेकर अभिभावक अभी बहुत जागरूक नहीं और बच्चों की उपस्थिति कम रहती। बच्चों को नहीं मिलता नाश्ता। बच्चे सुबह 7:00 आ जाते हैं और 10:30 तक स्कूल में रहते हैं लेकिन इस दौरान बच्चों को कुछ पौष्टिक चीज खिलाना चाहिए लेकिन बच्चों को कुछ नहीं मिलता वहीं खेल युवक कल्याण अधिकारी राम रूद्र पटेल ने कहा कि समर कैंप में बच्चों को कुछ ना कुछ खाने को देना चाहिए क्योंकि एक्टिविटी करके थक जाते हैं जिससे उनको पर्याप्त पोषण मिले लेकिन पूछताछ में बताया गया कि नाश्ता देने का कोई आदेश नहीं आया है आदेश भोपाल से जारी हुए हैं

### 126 लीटर अवैध शराब बरामद

**उमरिया।** जिले के नौरोजाबाद थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 126 लीटर अवैध शराब बरामद की है। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा के नेतृत्व में की गई, जिसमें पुलिस ने एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया। जब्त की गई शराब की अनुमानित कीमत लगभग 75,000 रुपये बताई जा रही है। सूचना मिलने के बाद नौरोजाबाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक विशेष टीम का गठन किया। मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने ग्राम जरहा निवासी अनिल रजक पिता मोतीलाल रजक उम्र 30 वर्ष को 126 लीटर अवैध देशी शराब के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने तत्परता और सतर्कता का परिचय देते हुए अवैध शराब तस्करी को नाकाम किया।

# 4213 किसानों से की गई गेहूं की खरीदी

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** जिला आपूर्ति अधिकारी बी एस परिहार ने बताया कि जिले में 35 गेहूं खरीदी केन्द्रों के माध्यम से 4213 किसानों से 180538.35 क्विटल गेहूं की खरीदी की गई है। उन्होंने बताया कि सेवा सहकारी समिति मर्यादित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित उमरिया केंद्र राधा रानी वेयर हाउस में 35 किसानों से 1333 क्विटल , चंदिया केंद्र बेंसहनी में 305 किसानों से 15068 क्विटल, पथरहठा केंद्र कोयलारी में 115 किसानों से 6066 क्विटल, बडख़ेरा केंद्र निगहरी स्थल मां शारदा वेयर हाउस निगहरी में 84 किसानों से 3502 क्विटल, अमरपुर स्थल श्रीवरी कॉम वेयर यूनिट एक में 168 किसानों से 11031 क्विटल, पिड्रा केंद्र ताला में 116 किसानों से 8722.50 क्विटल, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित करकेली में 11 किसानों से 304.50 क्विटल, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कंचनपुर केंद्र घुलघुली में 277 किसानों से 9539 क्विटल गेहूं की खरीदी की गई है ।

इसी तरह आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित छांदाखुर्द केंद्र छांदाखुर्द में 67 किसानों से 2485 क्विटल , आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित घुनघुटी में 73 किसानों से 2550 क्विटल, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित चौरी में 41 किसानों से 855 क्विटल , आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मालाचुआ में 135 किसानों से 6237.37 क्विटल, सेवा सहकारी समिति मर्यादित मानपुर श्री दुर्गा ट्रेडिंग कंपनी बीओटी वेयर हाउस खुटार मे 95 किसानों व्दारा 2916.50 क्विटल, सेवा सहकारी समिति मर्यादित ददरौड़ी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित ददरौड़ी बरबसपुर स्थल अन्नपूर्णा वेयर हाउस बड़ेरी में 94 किसानों से 3618 क्विटल, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित ददरौड़ी केंद्र कछराटोला में 15 किसानों से 513.50 क्विटल, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कठार में 8 किसानों से 189 क्विटल, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित बल्हौड़ में 79 किसानों से 2297.50 क्विटल, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कौठिया पनपथा केंद्र उमरिया बकेली में 36 किसानों से 743 क्विटल, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कुम्हेरवाह केंद्र डोंडका में 129 किसानों से 4213 क्टिवल गहूं की खरीदी की गई है ।

इसी प्रकार आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित गढपुरी केंद्र परासी धमोखर में 71 किसानों से 1876 क्विटल, सेवा सहकारी समिति मर्यादित पडवार में 173 किसानों से 5519.85 क्विटल, सेवा सहकारी समिति मर्यादित नवगवां में 294 किसानों से 10034 क्विटल, सेवा सहकारी समिति मर्यादित कोटरी केंद्र श्री दुर्गा ट्रे1डिंग कंपनी बॉट वेयरहाउस गडरियाटोला में 217 किसानों से 9554 क्विटल, सेवा सहकारी समिति मर्यादित इंदवार केंद्र पडख़ुरी में 11 किसानों से 217.50 क्विटल, सेवा सहकारी समिति मर्यादित सिगुड़ी आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित सिगुडी स्थयल श्री दुर्गा ट्रेडिंग कंपनी बीओटी वेयर हाउस खुंटार में 143 किसानों से 567150 क्विटल, सेवा सहकारी समिति मजमानीकला , आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मजमानीकला केंद्र अमड़ी में 102 किसानों से 4602 क्विटल, सेवा सहकारी समिति मजमानीकला आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मजमानी कला केंद्र कौडिया बाइस में 33 किसानों से 1641.50 क्विटल, विपणन सहकारी समिति मर्यादित उमरिया , विपणन सहकारी समिति मर्यादित उमरिया केंद्र नरवार में 159 किसानों से 815क्विटल, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बिलासपुर में 148 किसानों से 10587.50 क्विटल, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कौठिया पनपथा केंद्र पनपथा में 135 किसानों से 6193.50 क्विटल, सेवा सहकारी समिति मर्यादित भरेवा में 101 किसानो से 4075 क्विटल, सेवा सहकारी समिति मर्यादित इंदवार केंद्र इंदवार में 170 किसानों से 5882 क्विटल, सेवा सहकारी समिति मर्यादित पड़वार केंद्र सलैया केंद्र स्थ ल बालाजी वेयर हाउस अमरपुर में 264 किसानों से 11421.30 क्विटल , जमुना स्व2 सहायता समूह इंदवार , जमुना स्व सहायता समूह इंदवार केंद्र में 189 किसानों से 7732 क्विटल तथा सेवा सहकारी समिति मर्यादित चिल्हादरी में बीओटी वेयर हाउस गडरियाटोला गोदाम में 120 किसानो से 5170 क्विटल गेहूं की खरीदी की गई है ।

# खेल प्रशिक्षण शिविर में बच्चे सीख रहे योगा व्यायाम और खेल

**हरिभूमि न्यूज उमरिया।** ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर बिरसिंहपुर पाली में जिला प्रशासन, उमरिया पुलिस,नगर पालिका परिषद, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहयोग से युवा टीम उमरिया के द्वारा 35 दिवसीय खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है।जिसमें सैकड़ों बच्चे शामिल होकर अपने अंदर छिपे हुनर को निखारने पसीना निकाल रहे हैं। शिविर के माध्यम से बच्चों को कई खेलकूद सीखने मिल रहा है। खेलकूद शिविर को लेकर बच्चों में काफी उत्साह है और खुशी-खुशी शिविर में भाग लेकर खेलकूद सीख रहे हैं।ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर बच्चे ग्रीष्मकालीन छुट्टियों का भरपूर उपयोग कर खुद को तराशने जुटे हैं। सुबह 5 बजे से खेल मैदान पहुंचकर प्रशिक्षकों की मौजूदगी में कई खेल सीख रहे हैं, जिससे बच्चों के अंदर खेल का हुनर पैदा हो रहा है। शहडोल संभाग कमिश्नर सुरभि गुप्ता ,कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह के निर्देशानुसार व खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला अधिकारी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया,नगर पालिका परिषद पाली मुख्य अधिकारी भूपेंद्र सिंह, थाना प्रभारी मदनलाल मरावी के मार्गदर्शन पर युवा टीम संयोजक हिमांशु तिवारी के नेतृत्व पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा 35 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने जानकारी देते हुए कहा कि एक मई से ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जो आगामी 5 जून तक चलेगा।इस कैम्प में बच्चों को विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण कोच द्वारा दिया जा रहा है। शिविर को लेकर बच्चों में भी खासा उत्साह है। बड़ी संख्या में बच्चे हर दिन सुबह यहां खेलों का प्रशिक्षण लेने आते हैं। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित यह शिविर बच्चों के लिए पूर्णतः निःशुल्क है। जिले में खेल का वातावरण बनाने, नए खिलाडियों का रूझान खेलों में बढ़ाने और उनमें खेल के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से विकासखंड स्तर पर 35 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का मूल उद्देश्य नौनिहालों के मन में खेल भावना प्रेरित कर खेल क्षेत्र की ओर अग्रसर करना तथा उन्हे रूचि अनुसार खेल की बारीकियों को समझाना है, जिससे बच्चे खेल प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन कर सकें। प्रशिक्षण शिविर में सभी चिन्हित खेलों को कोच एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों के माध्यम से नौनिहालों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस दौरान कैम्प संयोजक हिमांशु तिवारी,खुशी सेन,राहुल सिंह, योगा कोच शिवराम सिंह, शिखा बर्मन, नेहा सिंह, संजीवनी पटेल,रुद्र प्रधान, पलक सिंह रघुवंशी, मानवी, अतिव्य रजक,सत्यम सेन,आस्था सिंह तोमर,स्नेहा सिंह,शंकर बैगा,सुभद्रा बैगा, शिवन्या बैगा, अनन्या बैगा, निरंजन कुशवाहा, शुभम पटेल, वैष्णवी गुप्ता,आरुष शिवहरे, ऋषभ रजक, एवं सैकड़ों की संख्या में बच्चे उपस्थित रहे।




# एकात्म पर्व पखवाड़ा अंतर्गत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शहडोल।** संभागीय मुख्यालय शहडोल के स्थान महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा एकात्म पर्व का आयोजन किया गया, आदि गुरु शंकराचार्य स्वामी जी पर हुआ व्याख्यान संपूर्ण आर्यावर्त में सनातन धर्म के प्रणेता एवं धर्म ध्वजा के वाहक आदि शंकराचार्य स्वामी जी की जन्म जयंती पखवाड़े के आयोजन के क्रम में जन अभियान परिषद सोहागपुर द्वारा एकात्म पर्व में विशेष अतिथि एम.पी.सिंह अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ,अध्यक्षता वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती निभा गुप्ता शहडोल ,मुख्य वक्ता के रूप में डॉ ब्रिजेंद्र कुमार पांडे सहायक प्राध्यापक संस्कृत एसएन शुक्ल महाविद्यालय शहडोल ,श्री विवेक कुमार पांडे जिला समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद प्रिया सिंह बघेल, विकासखंड समन्वयक विकासखंड सोहागपुर नवाँकुर संस्था से ममता सोनी, नगर विकास समिति से रेखा सिंह, परामर्शदाता सतीश तिवारी, राहुल द्विवेदी, जयप्रकाश काछी शिवम तिवारी शिवानी चौरसिया समस्त छात्र उपस्थित रहे। आदि गुरु शंकराचार्य जी के छायाचित्र में अतिथियों द्वारा दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया संपूर्ण कार्यक्रम की



प्रस्तावना जिला समन्वयक विवेक कुमार पांडे के द्वारा बताया गया। मुख्य वक्ता डॉ. ब्रिजेंद्र कुमार पांडे द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए भगवान के अंसावतार माने जाने वाले आदि गुरु शंकराचार्य जी का जन्म आठवीं सदी में केरल के कलाडी गांव के एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था उनके माता-पिता शिव जी के परम भक्त थे माना जाता है कि स्वयं भगवान शिव ने शंकराचार्य के रूप में जन्म लिया था उनका नाम शंकर रखा गया जो आगे चलकर आदि गुरु शंकराचार्य कहलाए अतः उनके आचरण पर चलने हेतु संदेश दिया , वहीं उनके मुख्य कथन ब्रम्ह सत्यं जगतमिथ्या को विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा हिन्दुओं की एकता को बनाए रखने एवं उसे मजबूत करने हेतु उनके द्वारा भारत भूमि पर चारो दिशाओं में ज्योतिर्मठ,श्रेंगेरीमठ शारदा मठ तथा गोवर्धन मठ की स्थापना पर चर्चा की गई उनके द्वारा बताए गए, ब्रह्म सत्यं जगतमिथ्या,अहं ब्रम्हास्मि, ज्ञान ही मोक्ष का मार्ग,मन ही बन्धन और मुक्ति का कारण, अपने कर्तव्यों का पालन ही धर्म,शरीर नश्वर एवं आत्मा अमर है, वैराग्य ही सच्चे ज्ञान की पहली सीढ़ी, ईश्वर को अपने अंदर ही खोजने, आत्मा को जान लेना ही सब कुछ जान लेना तथा मौन को एक प्रकार की पूजा जैसी बातों को चरितार्थ कर भारतीय दर्शन के महान दार्शनिक एवं सनातन धर्म के वेत्ता स्वामी शंकराचार्य जी के बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही गई, कार्यक्रम का संचालन एवं आभार विकासखंड समन्वयक समिति प्रिया सिंह बघेल द्वारा किया गया।

### कलेक्टर ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की सुनी समस्याएं

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं व शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में जिले के ग्राम पंचायत विक्रमपुर निवासी सचिन कुमार मिश्रा ने कृषि निस्तार के लिए शासकीय रास्ता खुलवाने बावत, तहसील ब्यौहारी के ग्राम पंचायत पपोड़ निवासी जगन्नाथ प्रसाद रजक ने बरसात के कारण जल भराव की निकासी सुनिश्चित कराने, सोहागपुर तहसील की ग्राम पंचायत सिन्दुरी चुनिया निवासी रामावतार पटेल ने गरीबी रेखा में नाम जोड़वाने हेतु, ग्राम पोस्ट खन्नौधी निवासी भूषण प्रसाद ने प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम जुड़वाने बावत, जनपद पंचायत सोहागपुर की ग्राम पंचायत चंदनियाकलॉ निवासी रामनरेश सिंह ने अपनी बच्ची का आधार कार्ड बनवाने हेतु आवेदन कलेक्टर को दिए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कलेक्टर ने जन सुनवाई में अन्य आवेदनों की भी सुनवाई की तथा संबंधित अधिकारियों की ओर आवेदन प्रेषित कर निराकरण के निर्देश दिए।

### लोगों ने तालाब की सफाई कार्य में किया श्रमदान

**शहडोल।** आओ बचाएं जल, बनाएं सुनहरा कल शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रगति पर है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से प्रारंभ किया है, जो कि 30 जून तक संचालित होगा। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। जिले में आगामी तीन माह तक जल गंगा संवर्धन अभियान सतत चलेगा। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नये तालाब बनाये जायेंगे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावडिय़ों और कुँओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। नदियों को साफ-स्वच्छ एवं जल एकत्रित करने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। इस अभियान के तहत ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व वाले तालाबों, जल स्त्रोतों तथा देवालयों में जल संरक्षण के कार्य भी किये जा रहे हैं। यह जन प्रतिनिधियों, स्थानीय समुदाय, जनभागीदारी, आमजन और सरकार के संयुक्त प्रयास से संचालित होगा, जिसमें मशीन, सामग्री व श्रम का समुचित नियोजन किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत संभागीय मुख्यालय शहडोल के पोनांग तालाब में श्रमदान के माध्यम से तालाब की साफ सफाई करने का कार्य किया गया। श्रमदान कार्य में नगरपालिका के अधिकारी, कर्मचारी व सफाई टीम व स्थानीय लोगों ने अपनी भूमिका निभाई।



# नेशनल लोक अदालत प्रकरणों का सुलभ निपटारा में दम्पत्तियों का राजीनामा के साथ गमन

### दोनों पक्षों को समझाईश दी गई जिससे दोनों पक्ष ने खुशी-खुशी राजीनामा कर आपसी मतभेद को भुलाकर एक हुये

**हरिभूमि न्यूज बुढार।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के मार्गदर्शन तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष काशीनाथ सिंह एवं श्रीकृष्णन बुखारिया, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शहडोल के निर्देशानुसार एवं सुशील कुमार अग्रवाल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, बुढ़ार की अध्यक्षता में दिनांक 10.मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त लोक अदालत में लंबित रेगुलर प्रकरणों में से 189 प्रकरण का निपटारा किया गया तथा इसी प्रकार लगभग 924 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में 125 प्रकरणों का निपटारा किया गया तथा लगभग रूपये 245686 (शब्दों में दो लाख पैतालीस हजार छः सौ छियासी रूपये मात्र) की वसूली की गई।



### सफलता की कहानी

अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शहडोल के निर्देशन में तथा अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति बुढ़ार के अध्यक्षता में आयोजित लोक अदालत में 01 दम्पितियों का लोक अदालत में राजीनामा हो गया है। जो कि निस्नानुसार है- लोक अदालत में 05 खंडपीठ सुशील कुमार अग्रवाल जिला न्यायाधीश, विजेंद्र सिंह रावत, श्रीमती आकांक्षा तेकाम, ऋषव दीक्षित, लक्ष्मण रोहित न्यायिक मजिस्ट्रेट संचालित रही। 01 यह कि न्यायालय सुशील कुमार अग्रवाल जिला न्यायाधीश के यहां लंबित प्रकरण (आर सी एसएचएम 28/2025) (नेहा बनाम विकास चौधरी) प्रकरण में तथ्य यह है कि उभयपक्ष का विवाह हिन्दू विधि से 26.10.2013 को सम्पन्न हुआ परन्तु विवाह उपरान्त उभयपक्ष के मध्य वैचारिक सत भेद होने से उभयपक्ष का एकसाथ रहना कठिन हो गया है। उभयपक्ष के मध्य कई बार नाते रिश्तेदारों द्वारा समझाइश का भी प्रयास किया गया, किन्तु उभयपक्ष का आपस में रहना संभव नहीं हो पाया। उसके पश्चात उत्तरवादी का व्यवहार बिगड़ता चला गया, दोनों पक्षों के मध्य दाम्पत्य जीवन निर्वहन करना मुश्किल हो गया है। तदनुसार याचिकाकर्ता द्वारा उत्तरवादी से वैवाहिक जीवन के न्यायिक प्रथक्करण की आज्ञापित चाही गई। प्रकरण को आज नेशनल लोक अदालत की खण्ड पीठ कनाक 15 (श्री सुशील कुमार अग्रवाल जिला एवं 'अपर सत्र न्यायाधीश) के समक्ष रखा गया तत्सबंध से उपरिभत पक्षों को सुना गया। दोनों पक्षों को समझाईश दी गई जिससे दोनों पक्ष ने खुशी-खुशी राजीनामा कर लिया। एवं आगे कोई भी विवाद न होने की संभावना के साथ साक्ष्य लिया जाकर प्रकरण समाप्त किया गया।

उक्त न्यायालयीन प्रकरणों से खण्डपीठ सदस्य श्रीमती अनीता सहोता, अधिवक्ता, अरविन्द्र साहनी, अधिवक्ता, नीतेश सिंह, उमेश प्रसाद नामदेव, एड, आजाद सिंह अधिवक्ता तथा सामाजिक कार्यकर्ता अखिलेश सिंह सामाजिक कार्य, उपस्थित हुए।

## शादी समारोह के दौरान 5 वर्षीय बच्चे का अपहरण



### 5 दिन बाद 2 सौ मीटर दूर झाड़ियों में निर्वस्त्र मिला शव

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** भालूमाड़ा थाना अंतर्गत 8 मई की रात हनुमान दफाई में शादी समारोह के दौरान 5 वर्षीय मासूम अनुराग कोल के अपहरण के 5 दिन बाद मंगलवार की सुबह घर से 200 मीटर दूर झाड़ियां में शव पाया गया। निर्वस्त्र हालत में मिले बच्चे के शव की खबर पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बच्चे के शव से उठ रही तेज दुर्गंध के कारण पता चल सका। घटना की सूचना पर एसडीओपी आरती शाक्य, थाना प्रभारी संजय खलको सहित पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले के पर्दाफाश में जुट गई।

### हत्या की संभावना पर फोरेंसिक जांच

नग्न अवस्था में मिले मासूम की लाश से प्रथम दृष्टया हत्या की संभावना ज़्यादा लग रही है। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वॉड के द्वारा निरीक्षण कर अहम सुराग जुटाए गए। मृतक के कपड़े, घटनास्थल की मिट्टी सहित अन्य सामग्री भी जप्त की गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर सभी बिंदुओं को लेकर जांच की जा रही है। घटना के बारे में बताया जाता है कि करनपठार थाना अंतर्गत तुलरा गांव में रहने वाले कमलेश कोल का पुत्र अनुराग अपने बड़े पिता रामकलेश के साथ रिश्तेदारी में विवाह समारोह में शामिल होने भालूमाडा हनुमान दफाई आया था। 8 मई गुरुवार के दिन जब सब कोई बारात की आग़वानी में जुटे हुए थे। उसी दौरान घर के आंगन में सो रहे बच्चे का रहस्यमय ढंग से अपहरण कर लिया गया था। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने अपहरण की धारा 137 (2) पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश में जुटी थी।

### संदेहियों से पूछताछ जारी

हत्या की संभावना को लेकर शव मिलने के बाद पुलिस ने हरकत में आते हुए परिवार एवं पड़ोस के कुछ संदेहियों को पकड़ते हुए कड़ाई से पूछताछ कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे मामले का पर्दाफाश कर लिया जाएगा।

### इनका कहना है

संदिग्ध परिस्थितियों में बच्चे का शव पाया गया है। हर बिंदुओ से जांच की जा रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

**संजय खलको**

## नाराज हिन्दू संगठन ने कार्यवाही को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# सोशल मीडिया में आपत्तिजनक पोस्ट पर मैकलांचल

### राष्ट्रीय ध्वज जलाने सहित प्रधानमंत्री को लेकर किया था आपत्तिजनक पोस्ट

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर/राजेन्द्रग्राम।** जिले के राजेन्द्रग्राम पुलिस थाने में 08 मई को एक अत्यंत गंभीर एवं सामाजिक सौहार्द को खंडित करने वाली घटना घटित हुई जिसमें सद्दाम खान नामक युवक द्वारा राष्ट्रीय ध्वज जलाने एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चित्र पर जूते चलाने संबंधी पोस्ट सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दी गई। इस देशविरोधी कृत्य का विरोध जब स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों द्वारा किया गया तो प्रतिक्रिया स्वरूप मुस्लिम समुदाय के एक युवकों सोनू खान ने तलवार से लैस होकर हिंदू कार्यकर्ता के घर में घुसकर हमला करने का प्रयास किया। हिंदू समाज पर हमले एवं देश विरोधी गतिविधियों के संबंध में कलेक्टर के नाम एसडीएम एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को 06 सूत्रीय ज्ञापन सौप 24 घंटे के अंदर कार्यवाही की मांग की गई और ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि यह घटना न केवल सामाजिक सौहार्द के लिए खतरा है बल्कि इससे कानून-व्यवस्था की स्थिति भी अत्यंत चिंताजनक हो गई है। उक्त विषयो पर हम समस्त नागरिक व्यापारीगण एवं सामाजिक संगठन निम्नलिखित बिंदुओं पर शीघ्र कार्यवाही की मांग की गई है।

### कलेक्टर के नाम यह दिया ज्ञापन

कलेक्टर के नाम सौंपे गये छः सूत्रीय ज्ञापन मे लेख किया गया कि सोनू खान पर जिला बदर की कार्रवाई की जाय सोनू खान



पर पूर्व से ही 6 - 7 आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। ऐसे अपराधी के विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही नितांत आवश्यक है। थाना राजेंद्रग्राम में पदस्थ एस आई लियाकत अली को राजेन्द्रग्राम से हटाकर निलंबित किया जाय उक्त घटना में थाना राजेंद्रग्राम में पदस्थ अधिकारी लियाकत अली द्वारा पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाते हुए मुस्लिम पक्ष को संरक्षण दीया गया है। उन्हें तत्काल हटाकर विभागीय जांच उपरांत निलंबित किया जाय। आरोपियों पर देशद्रोह व गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज हो सोनू खान सहित अन्य आरोपियों पर देशद्रोह जानलेवा हमला सामाजिक वैमनस्य फैलाने जैसी गंभीर धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। आदिल खान एवं सद्दाम खान की शीघ्र गिरफ्तारी हो दोनों आरोपी खुलेआम कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। अतः इनकी 24 घंटे के भीतर गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाय। दीपचंद बर्मन को राजेन्द्रग्राम पुलिस थाने से अन्यत्र स्थानंतरण किया जाय दीपचंद बर्मन द्वारा पीड़ितों को संरक्षण देने के बजाय उपेक्षा की जा रही है। देशविरोधी पोस्ट की साइबर जांच कराई जाकर सद्दाम खान एवं आदिल खान द्वारा पोस्ट की गई देशविरोधी सामग्रियों की सूक्ष्मता से साइबर सेल के माध्यम से जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जाय। मांग किया गया कि देशद्रोही बयान जान से मारने की धमकी और सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वालों को तत्काल जेल भेजकर NSA जैसी धाराओ के तहत कार्यवाही की जाय।

### कार्यवाही नही तो आंदोलन की चेतावनी

ज्ञापन के माध्यम से शासन प्रशासन को चेताया गया कि उपरोक्त सभी बिंदुओं 24 घंटे के भीतर उचित कार्यवाही नहीं की गई तो हम समस्त नागरिक शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए बाध्य होंगे जिसकी समस्त जवाबदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। विगत रात्रि पुलिसिया कार्यवाही से नाखुश भीड़ ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आरोप लगाये की हमले की नीयत से घर तक पहुँचना गला काटने की धमकी देना क्या यह मामूली अपराध है? आक्रोशित लोगों ने स्पष्ट किया यदि सख्त धाराएं नहीं लगाई गईं और गिरफ्तारी नहीं हुई तो पूरे नगर में जन आंदोलन किया जायेगा।

### पुलिस पर पक्षपात का आरोप

वीडियो साक्ष्य मौजूद गवाह मौजूद धमकियां ऑन रिकॉर्ड फिर भी पुलिस की कार्रवाई शून्य दिखी। आरोपियों पर मामूली धाराएं लगाकर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। हिन्दू संगठन सहित स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस का रवैया पक्षपातपूर्ण है। क्या पुलिस दबाव में है या इरादतन आंखें मूँद रही है? ये वही सवाल हैं जो अब हर नागरिक के मन में कौंध रहे हैं। आरोप है कि थाना राजेंद्रग्राम में एस आई लियाकत अली ने आरोपियों को भागने के लिए उनके गाड़ी की चाभी थाने से दी साथ ही मैनेजमेंट की बाते भी नगर की गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### इनका कहना है

हिंदू संगठन के कुछ स्थानीय लोगो के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

**नवीन तिवारी, एसडीओपी**
**अनुविभाग पुष्पराजगढ़**

पुलिस थाना में लगे सीडीटीवी के फुटेज खंगाले जा रहे है। अगर पुलिस की मौजूदगी में आरोपी द्वारा धमकी दी गई है तो धारा बढ़ाकर आरोपी को जिलाबदर की कार्यवाही की जायेगी और उक्त मामले में संलिप्त पुलिस स्टाफ पर भी कार्यवाही की जायेगी।

**इसरार मंसूरी**
**अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर**

# दुल्हन थी तैयार...दहेज से इंकार पर नहीं पहुंची बारात



### दहेज को लेकर वर पक्ष ने विवाह के 8 दिन पहले वधू पक्ष से तोड़ा रिश्ता

**हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।** जिला मुख्यालय मे एक शादी ऐन मौके पर दहेज की मांग के कारण रुक गई। दुल्हन अपने सपनों का जोड़ा पहन चुकी थी, मेहमान शादी की रस्मों के इंतजार में थे, लेकिन दूल्हा समेत उसके परिजनों ने मन मुताबिक दहेज न मिलने पर अंतिम समय पर शादी तोडने का फैसला कर जहां वधू पक्ष को आर्थिक नुकसान पहुंचाया वही समाज मे उसके व दुल्हन के मान सम्मान को ठेस पहुंचाते हुये दुल्हन के भविष्य पर भी दाग लगा दिया गया। जिससे वधू पक्ष समेत समाज के लोगों व रिश्तेदारों मे गहरा रोष व्याप्त है, हालांकि इस मामले की शिकायत जिलाधीश समेत पुलिस कप्तान तक पहुंच चुकी है। जहां से दहेज लोभियों के खिलाफ कार्यवाही होगी। जिला मुख्यालय मे कोतवाली अंतर्गत दहेज की मांग को लेकर वर पक्ष द्वारा शादी संबंध तोडने का मामला सामने आया है जिसमे वधू पक्ष ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। िशकायत के अनुसार कोतवाली अनूपपुर अंतर्गत

### वधू की बेवा मां से वर पक्ष ने दहेज में मांगे 7 लाख नगद, बुलेट व तीन तोला सोना

दुलहरा, पिपरिया की पुस्तैनी निवासी मुन्नू उर्फ मुन्नी बाई पटेल पति स्व. नन्दलाल पटेल की एक पुत्री राजकुमारी पटेल है। जिसका विवाह उनके द्वारा ग्राम मेडियारास के किशन प्रसाद पटेल के पुत्र चंद्रप्रकाश पटेल के साथ तय किया था जिसमे चन्द्रप्रकाश और राजकुमारी पटेल की मगनी ओली का कार्यक्रम भी सम्पन्न हो चुका था तथा विवाह की तारीख भी चंद्रप्रकाश के पिता के द्वारा तय कर दिया गया था तय कार्यक्रम के अनुसार तिलक 08.05.2025 को होना तय हुआ था वही लडकी पक्ष की तरफ से शादी के सभी सामान भी खरीद लिया गया तथा तथा विवाह के कार्ड भी छप चुके थे विवाह कार्यक्रम मे 09.05.2025 को मांगरमाटी मंडप, 10.05.2025 को मात्रिकापूजन एवं 11.05.2026 को बारात एवं शादी तय किया जाकर रस्म अदायगी होनी थी जिसके लिए निमंत्रण पत्र भी बांटा जाकर सभी रिश्तेदारों को विवाह की जानकारी दी जा चुकी थी। आस-पड़ोस एवं समाज के लोग भी इस विवाह के संबंध में भी जानते थे।

### दहेज के कारण शादी से 8 दिन पहले तोडा रिश्ता

विवाह रस्म से 8 दिन पहले चंद्रप्रकाश के पिता किशन प्रसाद पटेल एवं लड़के की मां निर्मला पटेल के द्वारा 03.05.2025 को कन्य पक्ष के घर मे आकर दहेज के लेन-देन को लेकर बेटी राजकुमारी से शादी करने से इंकार कर दिया। वर पक्ष द्वारा दहेज में 7 लाख रूपये नगद, बुलेट मोटर साइकिल तथा तीन तोला सोना की मांग की जा रही थी। चूंकि मुन्नी बाई बेवा महिला है तथा पति और सास, ससुर का देहांत हो चुका है। मुन्नी बाई ने बताया कि मैं बेवा महिला किसी तरह से अपनी व्यवस्था करके अपने बेटी राजकुमारी का विवाह किशन प्रसाद पटेल के बेटे चंद्रप्रकाश से तय करायी हूँ अब विवाह के लिए इंकार करने के कारण मेरी समाज में बेइज्जती हो रही है और मेरी बेटी की लगी लगाई शादी दहेज के कारण टूट रही है जिससे मेरे बेटी के भविष्य पर दाग लग रहा है। लोग तरह-तरह की टीका टिप्पणी कर रहे हैं। जिससे मैं और मेरी बेटी समाज में बदनाम हो रहे हैं। विवाह न होने से मुझे काफी आर्थिक क्षति हो रही है और समाज में मेरी प्रतिष्ठा गिरी है। किशन प्रसाद पटेल धमकी दे रहे हैं कि मुझे जहां ज्यादा दहेज मिलेगा में वही अपने बेटे की शादी करूंगा, जो पूर्णतः गलत है।

### पुलिस अधीक्षक से कार्यवाही की मांग

बेवा मुन्नी बाई ने 5 मई को पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुये किशन प्रसाद पटेल, निर्मला पटेल एवं उसके पुत्र चंद्रप्रकाश पटेल के विरूद्ध दहेज मांगने, शादी से इंकार करने, दूसरे जगह शादी करने की धमकी देने के संबंध मे, तत्काल कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की है। कप्तान के पास



शिकायत के बाद भी कार्यवाही नही होने पर पीडिता ने मंगलवार 13 मई को दोबारा कप्तान व कलेक्ट्रेट मे जनसुनवाई मे पहुंचकर कार्यवाही की फरियाद लगाई है। शिकायतकर्ता ने बताया कि स्थानीय पुलिस द्वारा मामले मे कार्यवाही को लेकर टाल मटोल किया जा रहा है।

### दहेज की मांग दण्डनीय अपराध

दहेज की मांग के कारण विवाह से पहले वर पक्ष द्वारा शादी से इंकार करना एक अपराध है। दहेज, चाहे वह शादी के समय, उससे पहले या बाद में दिया जाए, एक अपराध है, और कानून की एक प्रमुख घटना के अनुसार शिकायत दर्ज की जा सकती है। दहेज मांगना और देना दोनों ही अपराध हैं। CAW & CW के अनुसार दहेज निषेध अधिनियम, 1961 के तहत, दहेज लेना और देना दोनों ही दंडनीय हैं। दहेज के कारण विवाह से पहले शादी से इंकार करने वाले व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज की जा सकती है। हालांकि यह सुनिश्चित हो कि शिकायतकर्ता के पास सभी आवश्यक दस्तावेज होने चाहिये जैसे विवाह प्रस्ताव, दहेज की मांग के सबूत और अन्य संबंधित दस्तावेज।

# नाबालिग युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

### वार्ड क्रमांक 11 जैन मंदिर के जंगल में लगाई फांसी

**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 11 दिगंबर जैन सर्वोदय तीर्थ क्षेत्र जैन मंदिर बगल से जंगल में 16 वर्षीय नाबालिक युवक ने 12 मई की रात्रि में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली फांसी लगाए जाने का कारण अज्ञात है। पुलिस फांसी लगाये जाने के कारणों की जांच कर रही है। मृतक धर्मजीत सिंह गोड़ पिता नंदराम गोड़ उम्र 16 वर्ष निवासी ग्राम मझगावं पोस्ट गोपालपुर बजाग थाना करंजिया जिला डिंडोरी म. प्र. जैन मंदिर के पास स्थित जंगल के पेड़ से महिला के दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। धर्मजीत सिंह बैंक टोला निवासी प्रदीप गुप्ता उर्फ सनी के यहां रहता था। वह माह अगस्त 24 में अपने घर से भाग कर अमरकंटक आया था वह प्रदीप गुप्ता सनी के यहां काम करता था। सनी ने धर्मजीत को विगत माह मोबाइल भी खरीदकर दिया था। मृतक कक्षा 9 तक पढ़ा था मृतक प्रदीप गुप्ता उर्फ़ सन्नी को शौच के लिए बताकर हाथ में छोटी बाल्टी में पानी भरकर निकाला था कुछ देर तक ना आने पर सनी गुप्ता ने उसके मोबाइल पर फोन लगाकर संपर्क करना चाहा लेकिन फोन नहीं उठा उसने अपने स्तर पर खूब-खोज बीन की लेकिन नहीं मिला सुबह है जंगल से गुजर रहे लोगों ने नाबालिग युवक के पेड़ से लटके होने की जानकारी दी। प्रथम दृष्टया नाबालिग के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिए जाने में प्रेम प्रसंग का मामला जान पड़ता है। पुलिस इन सभी पहलुओं की ओर विस्तृत विवेचना कर रही है। मृतक के बगल से छोटी बाल्टी रखी हुई मिली है तथा चप्पल भी उतारी हुई है। वह कई दिनों से परेशान दिखता रहा है। पुलिस थाना अमरकंटक में उक्त प्रकरण पर मर्ग क्रमांक 15/25 बी एन एन एस एस की धारा 194 कायम कर विवेचना में लिया है नाबालिक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की विवेचना नगर निरीक्षक लाल बहादुर तिवारी सहायक उप निरीक्षक ईश्वर यादव एवं प्रधान आरक्षक प्रवीण कुजूर के द्वारा की जा रही है मृतक के शव पोस्टमार्टम कराया जाकर पर जनों को सौंप दिया गया है जिसे परिजन अपने गृह ग्राम ले गए।

## केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर के विद्यार्थियों ने फहराया सफलता का परचम



**हरिभूमि न्यूज, अनूपपुर।** 13 फ़रवरी को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दसवी और बारहवी के परीक्षा परिणाम घोषित किया। वर्ष 2019 में अनूपपुर शहर में शुरू हुए केन्द्रीय विद्यालय के विद्यार्थी इस वर्ष पहली बार बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुए और केंद्रीय विद्यालय संगठन की प्रतिष्ठा के अनुरूप सफलता के उच्चतम मानदंड स्थापित किये। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। उल्लेखनीय बात यह रही कि परीक्षा में सम्मिलित हुए कुल 41 विद्यार्थियों में से 38 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए जबकि 11 विद्यार्थियों ने 90 % से अधिक अंक प्राप्त किया। विद्यालय के छात्र अन्शुमान मिश्र ने 95.4 प्रतिशत, सत्यम सिंह ने 95.4 प्रतिशत, मंजरी शुक्ला ने 94.2 प्रतिशत, शिवांश सिंह ने 94 प्रतिशत तथा श्रृष्टि सिंह ने 93.2 प्रतिशत अंक, भालूमाडा थाना प्रभारी संजय खलको की बेटी अंकिता खलको ने 12वीं मे 81 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय, अपने परिवार तथा शहर का नाम रोशन किया। बता दें कि मंजरी शुक्ला हरिभूमि अनूपपुर के ब्यूरो चीफ मनोज शुक्ला की बेटी है वही 91 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली स्तुति शुक्ला संजीव शुक्ला की बेटी व ब्यूरो चीफ मनोज शुक्ला की भतीजी है जिन्होने सफलता का परचम लहराया है। विद्यार्थियों की इस स्वर्णिम सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य देवेन्द्र कुमार तिवारी तथा सभी शिक्षकों सहित परिजनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# मध्य प्रदेश शिक्षक संघ का अभ्यास वर्ग कल्याण आश्रम अमरकंटक में संपन्न



**हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ का प्रांतीय अभ्यास वर्ग 9 से 12 मई तक कल्याण आश्रम अमरकंटक के सभागार में संपन्न हुआ। अभ्यास वर्ग के संयोजक महेंद्र त्रिपाठी एवं सहसंयोजक अनिल कुमार सिंह एवं अरुण कुमार मिश्रा रहे। अध्यक्ष सहित पूरी संभागीय कार्यकारिणी तीनों जिलों शहडोल उमरिया एवं अनूपपुर के अध्यक्ष एवं समस्त कार्यकारिणी कार्यक्रम में आयोजन सदस्य की समान सहभागिता थी। कार्यक्रम निर्धारित विभिन्न निर्धारित सत्रों में संपन्न हुआ कार्यक्रम में एबीआरएसएम के राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर भाई साहब उपस्थित रहे साथ ही एबीआरएसएम से छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा के संयोजक आरडी शर्मा एबीआरएसएम के कोषाध्यक्ष संजय रावत जी एबीआरएसएम की उपाध्यक्ष मोहन पुरोहित ए बीआरएसएम क़े क्षेत्रीय प्रमुख गिरीश अग्निहोत्री मेरा विद्यालय मेरा तीर्थ के सहसंयोजक लखीराम इंगले उपस्थित होकर विभिन्न शास्त्रों में अपना मार्गदर्शन दिया। तीन दिवस के 14 सत्रो में मेरा विद्यालय मेरा तीर्थ एक राष्ट्र एक चुनाव भारतीय नारी शक्ति का सम्मान एवं महिला सशक्तिकरण संगठन के उद्देश्य संगठन की सदस्य संख्या पंच परिवर्तन अनेक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई संगठन द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का सम्मान शाल श्रीफल के साथ-साथ प्रतीक चिन्ह मोमेंटो के रूप में नर्मदा मां की प्रतिमा सभी अतिथियों को भेंट की गई। प्रदेश भर से आए हुए 300 कार्यकर्ता साथियों को एक जैसा भगवा अंग वस्त्र प्रदान किया गया समापन अवसर पर सभी आए हुए अतिथि एवं शिक्षक संघ के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथियों के द्वारा अभ्यास वर्ग को ऐतिहासिक अविस्मरणीय एवं अद्भुत बताया। इसके साथ-साथ सभी संभाग के आयोजन समिति के साथियों की सभी के द्वारा प्रशंसा की गई आयोजन समिति के संयोजक सहसंयोजक प्रदेश सेवा आयाम प्रमुख तीनों जिलों के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष एवं समस्त जिला कार्यकारिणी तहसील ब्लाक नगर जो सभी आयोजन समिति के सदस्य थे संभाग की आयोजन समिति प्रदेश से आए हुए सभी पदाधिकारी राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं 300 से अधिक संख्या में आए हुए सभी प्रतिभागियों का समिति आभार व्यक्त किया। अंत में आभार प्रदर्शन डॉ नरेंद्र पटेल संभागीय संगठन मंत्री द्वारा कल्याण आश्रम के प्रमुख हिमाद्री मुनी एवं आश्रम के सभी संतो के साथ-साथ आए हुए राष्ट्रीय पदाधिकारी प्रांतीय पदाधिकारी संस्था की प्राचार्य अधीक्षक चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी सीएमओ, तहसीलदार, एसडीएम के अलावा प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से सहयोगी सभी जनों का आभार व्यक्त किया गया।

# 52 वर्षों से रचित कविताओं का संकलन, तब मैं कविता लिखता हूँ, पुस्तक का हुआ विमोचन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** कवि एवं लेखक गिरीश पटेल द्वारा लिखित कविता संग्रह 'तब मै कविता लिखता हूँ' पुस्तक का विमोचन धनश्री पैलेस अनूपपुर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हिन्दी के प्रख्यात कवि, कहानीकार, आलोचक और लेखक उपस्थिति थे। कवि गिरीश पटेल के कविता संग्रह तब मैं कविता लिखता हूँ के विमोचन समारोह की अध्यक्षता प्रगतिशील लेखक संघ के प्रिय साथी सत्यम सत्येंद्र पाण्डेय सत्यम सागर ने की और मुख्य अतिथि के रूप में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. मुरली मनोहर सिंह उपस्थित हुए। शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में हिंदी के विभागाध्यक्ष डॉ गंगाधर ढोके और गांधीवादी चिंतक संतोष कुमार द्विवेदी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। संचालन प्रगतिशील लेखक संघ के संभागीय संयोजक विजेंद्र सोनी और नामचीन शायर दीपक अग्रवाल ने किया। कवि गिरीश की किताब और वर्तमान सामाजिक राजनीतिक परिदृश्य में कविता की उपस्थिति पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई। शहडोल संभाग के तीनों जिलों से बड़ी संख्या में कवि, लेखक, पत्रकार और प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा और सार्थकता प्रदान की। इसमें शहडोल से डॉक्टर जी डी सिंह और डॉक्टर बी पी पटेल की उपस्थिति उल्लेखनीय है। बिलासपुर से कवि तापस हाजरा, उमरिया से प्रसिद्ध नवगीतकार राजकुमार महोबिया, भूपेंद्र त्रिपाठी पाली से युवा शायर आयुष सोनी, शहडोल से मिथिलेश राय, विजय उपाध्याय, विजय नामदेव, सुश्री गोपी नवीन शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार रामावतार गुप्ता, कोतमा से शायर यासीन खान यासीन, अविनाश अग्रवाल, अमरेंद्र सिंह मौजूद रहे। अनूपपुर से सुधा शर्मा डॉ.नीरज श्रीवास्तव, रामनारायण पांडे, मीना सिंह, पवन छिब्बर, श्रुति शिवहरे, संतोष सोनी, दीपक अग्रवाल एवं अन्य कवियों ने शिरकत की। कार्यक्रम का सफल संचालन विजेंद्र सोनी ने और दीपक अग्रवाल ने किया। अतिथियों का स्वागत चंद्रकांत पटेल एवं आभार प्रदर्शन नितिन पटेल ने किया। इस कार्यक्रम में पुस्तक में अंकित उदय प्रकाश, गौहर राजा, सेवाराम त्रिपाठी इत्यादि के संदेशों का वाचन पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, पूर्व उपाध्यक्ष जिवेन्द्र सिंह, सहित, एडवोकेट बासुदेव चटर्जी व अन्य लोगों ने किया। पत्रकारों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही, उन्हें भी सम्मानित किया गया। कवि एवं लेखक के पिछले 52 वर्षों से रचित कविताओं का संकलन पुस्तक में देखने को मिलता है। पुस्तक में इनकी पहली कविता अपने दिवंगत माँ पर केन्द्रित है। कवि ने 52 वर्षों में लालटेन युग से एलईडी लाइट की चकाचौंध तक का सफर तय करते हुए अनेक प्रकार के उतार-चढाव को काफी करीबी से देखा है। कवि प्रौढ़ शिक्षा से लेकर आन लाइन स्टडी तक से स्बरु है। प्रकृति को बहुत नजदीक से देखा और समझा है जो कि कविता संग्रह में स्पष्ट रूप से झलकता है।




### परसवार में रामवती शुक्ला के मकान में संगीतमय श्रीमद्भागवत का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** 6 से 14 मई तक न्यू पालीटेक्निक कालेज के पास परसवार मे कथा स्रोता श्रीमती रामवती शुक्ला के मकान मे श्रीमद् भागवत कथा हुआ जिसमे बडी संख्या मे श्रोता व श्रद्धालु उमडे। कथा का समापन 14 मई को हवन, पूर्णाहुति, भण्डारा व स्वरूचिभोज के साथ ही आयुष व आदित्य क्रे उपनयन संस्कार के साथ हुआ। आशुतोष शुक्ला चंदन, शरदचन्द्र शुक्ला 'नरंजन व अतिरथ शुक्ला दीपू ने बताया कि कथा व्यास श्री रामदुलारे पाठक जी वेद व्याकरणाचार्य शिवधाम पवई पन्ना द्वारा बेहद सरल व सहज तरीके से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया गया। संगीतमय प्रवचन मे बडी संख्या मे श्रोताओं ने भगवत भक्ति का रसपान किया।

